PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 183 ● भिलाई, सोमवार 26 जनवरी 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## बधाई एवं अवकाश सूचना

दैनिक लोकतंत्र प्रहरी के समस्त पाठकों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर दैनिक लोकतंत्र प्रहरी के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: हमारा अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

-संपादक

## संक्षिप्त समाचार

### जेल में बंद मशहूर प्रोड्यूसर विक्रम भट्ट की मुश्किलें और बढ़ीं

**मुंबई।** 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले में पहले ही उदयपुर जेल की हवा खा रहे मशहूर प्रोड्यूसर और डायरेक्टर विक्रम भट्ट की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। अब वर्सोवा पुलिस स्टेशन में विक्रम भट्ट और उनकी बेटी के खिलाफ धोखाधड़ी का नया मामला दर्ज किया गया है जिसकी जांच आर्थिक अपराध शाखा कर रही है। इस बार मामला 13.5 करोड़ रुपए की ठगी का है। बताया जा रहा है कि विक्रम भट्ट और उनकी बेटी ने एक बिजनेसमैन से फिल्मों में निवेश के बदले अच्छे रिटर्न का वादा किया था। बिजनेसमैन से 13.5 करोड़ रुपए लिए गए लेकिन रकम नहीं लौटाई। इस मामले में इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने विक्रम भट्ट और बेटी कृष्णा भट्ट के खिलाफ वर्सोवा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया है। इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने इस केस को आगे की जांच के लिए अपने पास ट्रांसफर कर लिया है।

### मुस्लिम लड़कियों ने हिंदू छात्रा को पहनाया बुर्का, कहा- इस्लाम कबूल करने से किस्मत बदलेगी

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के बिलारी कस्बे में एक नाबालिग छात्रा से जुड़े कथित घटनाक्रम को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छात्रा के परिजनों ने आरोप लगाया है कि कोचिंग से लौटते समय कुछ सहपाठी छात्राओं ने उसके साथ जबरदस्ती की और उसे बुर्का पहनाया। हिंदू छात्रा के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरी नाबालिग बहन बिलारी कस्बे के मोहल्ला शाहकुंज कॉलोनी में एक टीचर के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। मेरे घर से 1.5 किमी की दूरी पर कोचिंग है।

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संदेश

# यह देश की स्थिति पर विचार करने का अवसर-राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

नई दिल्ली। एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राष्ट्र के नाम संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हम हम, भारत के लोग देश और विदेश में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हैं। गणतंत्र दिवस का यह पावन अवसर हमें हमारे देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य की स्थिति और दिशा पर विचार करने का अवसर देता है। उन्होंने कहा, हमारे स्वतंत्रता संग्राम की ताकत ने 15 अगस्त 1947 को हमारे देश की स्थिति बदल दी। भारत स्वतंत्र हुआ। हम अपने राष्ट्र के भाग्य के स्वयं निर्माता बन गए। 26 जनवरी 1950 से हम अपने गणराज्य को सांविधानिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। उस दिन हमारा संविधान पूरी तरह लागू हुआ। भारत, जो लोकतंत्र की जन्मभूमि है, शासन प्रणाली से मुक्त हुआ और हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य अस्तित्व में आया। हमारा संविधान विश्व इतिहास के सबसे बड़े गणराज्य की आधारशिला है। संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व के आदर्श हमारे गणराज्य को परिभाषित करते हैं। संविधान के निर्माता देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को संविधानिक प्रावधानों के माध्यम से मजबूत आधार प्रदान करने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय महाकवि सब्रमण्यम भारती ने तमिल भाषा में 'वंदे मातरम येन्बोम' अर्थात ' हम वंदे मातरम बोलें' इस गीत रचना करके वंदे मातरम की भावना को और भी व्यापक स्तर पर जनमानस के



साथ जोड़ा। अन्य भारतीय भाषाओं में भी इस गीत के अनुवाद लोकप्रिय हुए। श्री ऑरबिंदो ने वंदे मातरम का अंग्रेजी अनुवाद किया। ऋषितुल्य बंकिंम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम हमारी राष्ट्र-वंदना का स्वर है। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, आज से दो दिन पहले यानी 23 जनवरी को देशवासियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के दिन उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि देशवासी, खासकर युवा, उनकी अदम्य देशभक्ति से प्रेरणा प्राप्त करें। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नारा 'जय हिंद' हमारे राष्ट्र-गौरव का उद्घोष है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आगे कहा, 'प्यारे देशवासियों, आप सब हमारे जीवंत गणतंत्र को शक्तिशाली बना रहे हैं। हमारी तीनों सेनाओं के बहादुर जवान, मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव सतर्क रहते हैं। हमारे कर्तव्यनिष्ठ पुलिसकर्मी तथा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवान देशवासियों की आंतरिक सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे अन्नदाता किसान देशवासियों के लिए पोषण सामग्री उत्पन्न करते हैं। हमारे देश के कर्मठ और प्रतिभाशाली महिलाएं अनेक क्षेत्रों में नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारे सेवाधर्मी डॉक्टर, नर्स और सभी स्वास्थ्य कर्मी देशवासियों के स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं।

### हमारी बहनें और बेटियां परंपरागत रुढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ रही

राष्ट्र के नाम संदेश में राष्ट्रपति ने कहा, हमारी बहनें और बेटियां परंपरागत रुढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं देश के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं। दस करोड़ से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बहनें विकास की नई परिभाषा लिख रही हैं। महिलाएं खेत-खलिहानों से लेकर अंतरिक्ष तक, स्वरोजगार से लेकर सेनाओं तक, अपनी प्रभावी पहचान बना रही हैं। खेल-कूद के क्षेत्र में हमारी बेटियों ने विश्व स्तर पर नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। पिछले वर्ष नवंबर में भारत की बेटियों ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप और उसके बाद नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप जीतकर स्वर्णिम इतिहास रचा है। पिछले ही वर्ष शतरंज विश्व कप का फाइन मैच भारत की ही दो बेटियों के बीच खेला गया।

सीजेआई की हाईकोर्ट्स को दो टूक चेतावनी

# न्याय में देरी न्यायिक सिस्टम का विनाश है-सीजेआई सूर्यकांत......

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने न्यायपालिका की भूमिका पर एक महत्वपूर्ण विजन साझा किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालयों को अब व्यवस्थागत खामियों पर मूकदर्शक बने रहने के बजाय 'प्रो-एक्टिव' होना होगा। सीजेआई के अनुसार, न्याय का अर्थ केवल फैसला सुनाना नहीं, बल्कि उसे समय पर सुनिश्चित करना है। फली नरीमन स्मृति व्याख्यान के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने एक बेहद प्रभावशाली बात कही। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय संविधान के प्राथमिक



प्रहरी हैं। अक्सर यह देखा जाता है कि अदालतें किसी पीड़ित के आने का इंतजार करती हैं, लेकिन सीजेआई का मानना है कि जहां कानून के शासन की विफलता दिखे, वहां अदालतों को खुद आगे बढ़कर संज्ञान लेना चाहिए। उनके अनुसार, न्याय तक पहुंचना नागरिक का एक 'पैसिव राइट' (निष्क्रिय अधिकार) नहीं होना चाहिए, बल्कि यह राज्य द्वारा गारंटीकृत सेवा होनी चाहिए। जब अदालतें सक्रिय होती हैं, तभी आम आदमी का भरोसा सिस्टम पर बना रहता है। अदालतों में लंबित मामलों पर प्रहार करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, न्याय में देरी केवल न्याय का इनकार नहीं है, बल्कि यह न्याय का विनाश है। यह बयान उन लाखों वादियों के लिए एक उम्मीद की किरण है जो सालों से तारीखों के चक्कर में फंसे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कानूनी प्रक्रिया इतनी जटिल या लंबी नहीं होनी चाहिए।

### इन्दिरा आईवीएफ के नये फर्टिलिटी सेंटर का कानपुर साकेत नगर में हुआ शुभारंभ

कानपुर। इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल लिमिटेड ने अपने नवीनतम फर्टिलिटी सेंटर का शुभारंभ साकेत नगर कानपुर में किया है, जिससे उत्तर प्रदेश में ग्रुप की उपस्थिति और सुदृढ़ हुई है। इस सेंटर की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को विश्वसनीय, पूर्ण व सुलभ फर्टिलिटी तथा रिप्रोडक्टिव हेल्थकेयर उपलब्ध करवाना और इसका विस्तार करना है। कानपुर के जुही कलां, रेलवे ग्राउंड के सामने साकेत नगर में स्थित यह नया सेंटर अत्याधुनिक तकनीक और इन्दिरा आईवीएफ के स्टेण्डर्ड क्लिनिकल प्रोटोकॉल से सुसज्जित है। यहाँ मरीजों को फर्टिलिटी और असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी से जुड़ी संपूर्ण सेवाएँ व केयर एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी।

राहुल से नाराजगी या नई खिचड़ी?

# थरूर के मीटिंग छोड़ने के बाद मोदी-आरएसएस की तारीफ...

नई दिल्ली/ एजेंसी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर ऐसा बयान दिया है जो सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। अपनी ही पार्टी नेतृत्व से नाराजगी की खबरों के बीच थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी संविधान को पवित्र मानते हैं और समय के साथ आरएसएस ने भी इसे अपना लिया है। कोझिकोड में आयोजित केरल लिटरेचर फेस्टिवल में दर्शकों के एक सवाल का जवाब देते हुए



थरूर ने ये बातें कहीं। यह बयान ऐसे वक्त आया है जब वे केरल चुनाव की तैयारियों को लेकर बुलाई गई कांग्रेस हाईकमान की अहम बैठक में शामिल नहीं हुए थे। इससे उनके और पार्टी लीडरशिप के बीच अनबन की अटकलें और तेज हो गई हैं, हालांकि उनके कार्यालय ने इसकी अलग वजह बताई है। शशि थरूर ने 2014 के दौर को याद करते हुए कहा कि जब बीजेपी सत्ता में आई थी, तब ऐसी चर्चाएं आम थीं कि वे संविधान को खत्म कर देंगे और एक नया संविधान लाएंगे। खबरें तो यहां तक थीं कि आरएसएस के विचारक गोविंदाचार्य एक नए संविधान का ड्राफ्ट तैयार कर रहे हैं। इन सबके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में अपने पहले भाषण में साफघोषणा की कि संविधान ही उनकी एकमात्र पवित्र किताब है। थरूर ने जोर देकर कहा कि पीएम मोदी का संदेश साफथा कि वह संविधान को पवित्र मानते हैं।

अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर में हंगामा

# लाठी-डंडों के साथ पहुंचे युवक,पुलिस को दी तहरीर

**नई दिल्ली।** संगम रेती पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर के बाहर हंगामे की घटना सामने आई है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कल्पवासी थाना अध्यक्ष को एक तहरीर दी है, जिसमें उन्होंने अपनी सुरक्षा को खतरे में बताते हुए शिविर में मौजूद श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति के लिए भी चिंता जताई है। तहरीर में कहा गया है कि शाम 6:30 से 7:30 बजे के बीच कुछ असामाजिक तत्व शिविर के पास पहुंचे थे। उनके हाथों में लाठी-डंडे और भगवा झंडा था। कुछ युवक जबरन शिविर में प्रवेश करने की कोशिश करने लगे, और वे उपद्रव



करने के लिए मारपीट करने पर भी उतारू हो गए। इस दौरान शंकराचार्य के सेवकों और घुसे हुए युवकों के बीच हाथापाई भी हुई। अंतत:, सेवकों ने उन उपद्रवियों को शिविर से बाहर निकाल दिया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने चेतावनी दी है ।

### दिल दहला देने वाली घटना- कुएं में तैरते मिले 3 माह के मासूम और मां के शव

**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-1 स्थित एक सरकारी कुएं में 3 माह के मासूम बच्चे और उसकी मां के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कुएं से बाहर निकलवाकर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान जयंती केवट (35 वर्ष) और उनके 3 माह के बेटे दीपांश केवट के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे नगर पालिका के कर्मचारियों ने जब कुएं में झांका तो महिला और बच्चे के शव पानी में तैरते हुए दिखाई दिए।

आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

# पहाड़ों पर सफेद आफत तो मैदानों में बारिश के साथ बर्फीली हवाएं,अगले 48 घंटे भारी

पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी का असर अब मैदानी इलाकों में भी साफनजर आने लगा है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हिमपात जारी है। वहीं, जहां मैदानी क्षेत्रों में शीतलहर कमजोर पड़ती दिख रही थी, वहां इस बर्फबारी ने एक बार फिर ठंड बढ़ा दी है। देश की राजधानी दिल्ली में हुई बारिश से एक्यूआई में हल्का सुधार जरूर हुआ है, लेकिन ठंड और उमस ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इसी बीच मौसम विभाग आईएमडी ने गंभीर अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार 27 और 28



जनवरी को मौसम अपना रौद्र रूप दिखा सकता है। इसकी मुख्य वजह एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस बताया जा रहा है, जिसने पूरे उत्तर भारत को अपनी चपेट में ले लिया है। पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी, मैदानी क्षेत्रों में बारिश, तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका से चिंता बढ़ गई है। कई राज्यों में तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिर सकता है, जिससे ठंड फिर से जानलेवा साबित हो सकती है। मौसम विभाग ने साफ कहा है कि अगले 48 घंटे बेहद अहम हैं। आईएमडी ने आने वाले कुछ घंटों में पांच राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इनमें हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, तमिलनाडु और पुडुचेरी शामिल हैं। 27 और 28 जनवरी को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में मध्यम से भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी संभावना है। उत्तर भारत में एक बार फिर शीतलहर का असर देखने को मिलेगा।

पद्म पुस्कारों का एलान

# धर्मेंद्र को पद्म विभूषण,शिबूसोरेन को पद्म भूषण,रोहित को पद्म श्री

नई दिल्ली।/ एजेंसी

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वर्ष 2026 के पद्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार इस वर्ष कुल 131 पद्म पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इनमें 5 पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। कुल 131 पद्म पुरस्कार की सूची में पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं, जबकि इस सूची में विदेशी नागरिकों, अनिवासी भारतीयों (NRI), भारतीय मूल के व्यक्तियों (PIO) और भारत के प्रवासी नागरिकों (OCI) की श्रेणी में छह लोग भी शामिल हैं, साथ ही 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता वी. एस. अच्युतानंदन व दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को वर्ष 2026 के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। लोक कार्यों के क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश के. टी. थॉमस, कला के क्षेत्र में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रख्यात गायिका और वायलिन वादक एन. राजम, तथा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में वरिष्ठ मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा।

**पद्म विभूषण ( 5 )**-धर्मेंद्र सिंह देओल (मरणोपरांत) कला (महाराष्ट्र) के. टी. थॉमस- लोक कार्य (केरल)



एन. राजम -कला (उत्तर प्रदेश) पी. नारायणन -साहित्य एवं शिक्षा (केरल) वी. एस. अच्युतानंदन (मरणोपरांत) लोक कार्य (केरल) पद्म भूषण पाने वालों में प्रसिद्ध पार्श्व गायिका अलका याग्निक, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी, मशहूर अभिनेता मम्मूटी और उद्योगपति-बैंकर उदय कोटक प्रमुख हैं। गृह मंत्रालय के मुताबिक विज्ञापन जगत के दिग्गज पीयूष पांडे, झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन और भाजपा नेता वी. के. मल्होत्रा को भी पद्म भूषण दिया गया है। वहीं अभिनेता और हास्य कलाकार सतीश शाह को पद्म श्री से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। टेनिस जगत के दिग्गज विजय अमृतराज को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया है। वहीं क्रिकेटर रोहित शर्मा, भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और हॉकी खिलाड़ी सविता पुनिया को पद्म श्री प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एम. जगदीश कुमार, प्रसार भारती के पूर्व सीईओ शशि शेखर वेम्पति तथा अभिनेता आर. माधवन और प्रोसेनजीत चटर्जी भी पद्म श्री से सम्मानित होने वालों में शामिल हैं।

**पद्म भूषण ( 13 )**- पद्म भूषण से सम्मानित होने वालों में कला, चिकित्सा, लोक कार्य, सामाजिक कार्य, व्यापार और खेल जगत की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। प्रमुख नाम इस प्रकार हैं- अल्का याज्ञनिक- कला (महाराष्ट्र) भगत सिंह कोश्यारी- लोक कार्य (उत्तराखंड) डॉ. कालीपट्टी रामासामी पलानीस्वामी- चिकित्सा (तमिलनाडु)। मम्मूटी- कला (केरल) डॉ. नोरी दत्तात्रेयुडु- चिकित्सा (संयुक्त राज्य अमेरिका) पीयूष पांडे (मरणोपरांत)- कला (महाराष्ट्र) एस. के. एम. माइलानंदन- सामाजिक कार्य (तमिलनाडु) शतावधानी आर. गणेश- कला (कर्नाटक) शिबू सोरेन (मरणोपरांत)- लोक कार्य (झारखंड) उदय कोटक-व्यापार एवं उद्योग (महाराष्ट्र) वी. के. मल्होत्रा (मरणोपरांत)- लोक कार्य (दिल्ली) वेल्लापल्ली नटेशन- लोक कार्य (केरल) विजय अमृतराज- खेल (संयुक्त राज्य अमेरिका)।

### शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र, तीन कीर्ति चक्र और 13 शौर्य चक्र का भी एलान

77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कार के नामों की भी घोषणा हो चुकी है। अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है। इसी के साथ सेना के तीन जवानों को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाएगा। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा था, उन्हें भारत के सर्वोच्च शांतिकाल का वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है। जून 2025 में शुभांशु एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन गए थे। शुभांशु अंतरिक्ष यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय और आईएसएस पर कदम रखने वाले पहले भारतीय बने।

CMYK

# राष्ट्रीय स्तर पर छात्र चिंताराम पटेल करेंगे खेल का प्रदर्शन

**बेमेतरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव के कक्षा 11 वी के छात्र हॉकी खिलाड़ी चिंताराम पटेल ने सीमित संसाधन होने के बावजूद अपने व्यायाम शिक्षिका (कोच) तुलसी साहू के कुशल नेतृत्व व मागदर्शन में कड़ी मेहनत और लगन से हॉकी खेल का अभ्यास कर अपने प्रतिभा का उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर चयन होकर अपने गांव से लेकर जिला सहित राज्य का नाम रोशन कर स्वर्णिम इतिहास रच रहे है,स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 69 वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता बालक वर्ग अंडर 17 का आयोजन झारखंड राज्य के रांची शहर में दिनांक 27 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है,जहां वे छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर के बड़े टूनामेंट में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे ग्रामीण



अंचल सहित बेमेतरा जिले के लिए गर्व का क्षण है क्योंकि यह पहला अवसर है जब मुड़पार जैसे छोटे से गांव से किसी खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

*कोरबा में आयोजित 25 वी राज्य स्तरीय शालेय ीड़ा हॉकी प्रतियोगिता में चिंताराम पटेल ने अपने चिर परिचित खेल का कलात्मक, रचनात्मक और उम्दा खेल कौशल का प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकृष्ट किया और प्रतियोगिता में शानदार 04 गोल कर दुर्ग संभाग टीम को कांस्य पदक जीताने में अहम योगदान दिया और अपनी खेल प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर जगह बना ली। व्यायाम शिक्षिका (कोच) तुलसी साहू ने कहा की हॉकी हमारी मिट्टी से जुड़ा खेल है,जो हमें शारीरिक मजबूती,त्वरित निर्णय क्षमता और अनुशासन सिखाता है,खेल जीवन का सबसे शानदार प्रतिबिंब होता है मैदान में खेल के दौरान सबको पहले चोट लगती है,उसके बाद जीत का मुकाम हासिल होता है,कड़ी मेहनत और लगन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है स्कूल के होनहार खिलाड़ी चिंताराम पटेल ने राष्ट्रीय स्तर में चयन होकर यह साबित कर दिखाया कि ग्रामीण अंचलों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इनका चयन होने से ग्रामीण अंचल सहित जिले के युवा खिलाडियों को नई प्रेरणा मिलेगा और हॉकी खेल के क्षेत्र में ग्रामीण अंचलों सहित जिले की भागीदारी और मजबूत होगी बारगांव सहित जिले में हॉकी खेल नए आयाम गढ़ रही है बच्चे राज्य से राष्ट्रीय स्तर पर चयन होकर मेडल जीत रहे हैं और गांव सहित जिले व राज्य का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा रहे है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्याम सिंह सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।*

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संगोष्ठी एवं बेबी किट का वितरण किया गया

**बेमेतरा।** स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ जिला बेमेतरा द्वारा सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन में नवागढ़ बीएमओ डॉ. विकास पांडेय एवं बीपीएम सी के देवांगन के नेतृत्व में राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बीपीएम सी के देवांगन एवं प्रभारी बीईटीओ यू आर ध्रुव के द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के संबंध में जानकारी बताया गया साथ ही इससे संबंधित अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

**छत्तीसगढ़ का प्रण, हर बेटी को जीवन।।**

**बेटियों का जन्म उत्सव, समानता का उत्सव।।**

इस अवसर पर समस्त सुपरवाइजर नवागढ़, समस्त सीएचओ, आरएचओ, मितानिन ब्लॉक समन्वयक, स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य



विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में नवजात बालिकाओं के परिजनों को बेबी किट का वितरण किया गया, इस अवसर पर डॉ स्वाति, डॉ लवनीश, नर्सिंग स्टाफ हुलेश्वरी, रुक्मिणी, जितेंद्र, सोमारानी उपस्थित रहे।

# सांई शिशु मंदिर स्कूल में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया

**दल्लीराजहरा।** सेक्टर लोडिंग साइडिंग स्थित साँई शिशु मंदिर स्कूल में परियोजना दल्ली राजहरा ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया! जिसमें महिला बाल विकास विकास की सुपरवाइजर रेणु छत्रपाल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , महावारी स्वच्छता,साइबर क्राइम की जानकारी दी । बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ संबंधित रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विभाग के द्वारा 16 जनवरी से 30 जनवरी तक जागरूकता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के सुपरवाइजर रेखू राम साहू ने एनिमिया के विषय में बालिकाओं को विस्तार से जानकारी दिया। खून की कमी को एनिमिया कहते हैं, शरीर में सामान्य एच बी 11 द्द्व से ज्यादा होनी चाहिए, खून की कमी से थकान, चिडचिडापन, भूख न लगना, जैसे लक्षण दिखाई देता है । रक्त की कमी से बचाव के लिए भाजी, हरी सब्जी, चुकन्दर,







अंकुरित मूंग चना, फ्ल, मिक्स दाल लौह युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करना है। इस दौरान प्रश्न मंच कार्यक्रम हुआ सही उत्तर देने वाले बालिकाओं को पुरुस्कार दिया गया, उत्साहवर्धन के लिए बालिकाओं की कुर्सी दौड हुई, विजेता को पुरस्कार दिया गया । कुपोषण मुक्त हो भारत एवं बाल विवाह मुक्त भारत के विषय में शपथ दिलाई गयी। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा 32 बालिकाओं की एच .बी.की . जांच की गई। आयोजन में जिला से दिलेश्वरी सिन्हा जेन्टर विशेषज्ञ , राकेश सिन्हा वित्तीय साक्षरता, स्कूल के प्राचार्य आर . के . माने एवं शिक्षकगण, स्वास्थ्य कर्मचारीगण एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# वार्ड 2 में अनुसूचित जाति सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**बेमेतरा।** वार्ड क्रमांक 2 स्थित अनुसूचित जाति सामुदायिक भवन का लोकार्पण बसंत पंचमी एवं बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर किया गया। 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस सामुदायिक भवन का लोकार्पण विधायक साहू द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सामुदायिक भवन समाज के लोगों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक आयोजनों का केंद्र बनेगा और इससे क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मिलकर सर्वसमाज के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा वार्ड पार्षद मति रीता पाण्डेय सभा पति नीतू कोठारी सभा पति विकास तम्बोली योगेश वर्मा सतनामी समाज अध्यक्ष गिरवर टोंन्द्रे नगर पालिका के मुख्य अधिकारी नरेश वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। लोकार्पण अवसर पर बसंत पंचमी का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला और लोगों ने विधायक को जन्मदिवस की शुभकामनाएं भी।



# नांदी फाउंडेशन द्वारा आईटीआई में पांच दिवसीय एम्प्लॉयबिलिटी स्किल कार्यशाला का आयोजन

**बेमेतरा।** नांदी फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वर्गीय चंदूलाल चंद्राकार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), बेमेतरा में दिनांक 19 जनवरी 2026 से 23 जनवरी 2026 तक पांच दिवसीय एम्प्लॉयबिलिटी स्किल कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान डोना गुहा मैडम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को अपनी एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स बढ़ाने तथा रोजगार के लिए स्वयं को तैयार करने हेतु आवश्यक व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में कम्युनिकेशन स्किल, टीमवर्क, टाइम मैनेजमेंट, स्ट्रेस मैनेजमेंट सहित व्यक्तित्व विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन



दिया गया। इस अवसर पर डोना गुहा मैडम ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक जॉब मार्केट में सफलता प्राप्त करने के लिए एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स अत्यंत आवश्यक हैं। इन कौशलों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को आत्मविश्वासी, सक्षम एवं प्रोफेशनल बनाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। कार्यशाला में कोपा, मैकेनिक डीजल एवं विद्युतकार ट्रेड की छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण को रोचक एवं उपयोगी बनाने हेतु इंटरैक्टिव सेशन, ग्रुप डिस्कशन, रोल प्ले तथा केस स्टडीज का आयोजन किया गया, जो प्रशिक्षणार्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हुआ। कार्यशाला का समापन 23 जनवरी 2026 को किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख ज्योति भगत ने नांदी फाउंडेशन एवं डोना गुहा मैडम का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी प्रशिक्षणार्थियों को इसी प्रकार रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने का आग्रह किया।

# भाजपा महिला मोर्चा में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति के प्रभारी नियुक्त

## जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने की मंडल प्रभारियों की घोषणा, 28 जनवरी तक रिपोर्ट सौंपने के निर्देश

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति हेतु मंडल प्रभारियों की घोषणा की है। मंडल प्रभारी अपने-अपने मंडलों में जाकर महिला कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी, स्थानीय वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं से समन्वय स्थापित करेंगी तथा तीन नामों का पैनल तैयार कर जिला संगठन को सौंपेंगी। जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने महिला मोर्चा के सदस्यों को संदेश देते हुए कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा (वॉच टावर) अत्यंत सशक्त है,किसी सिफारिश की जरूरत नहीं,संगठन में दायित्व जमीनी काम और सांगठनिक निष्ठा से मिलेगा, मंडल स्तर पर पार्टी की रीतियों-नीतियों से महिलाओं को





अवगत कराना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा महिलाओं के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अंतिम छोर पर खड़ी महिला तक पहुँचाना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इसका कार्यकर्ता होना अपने आप में गौरव की बात है,जब महिलाएं घर से बाहर निकलकर राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करती हैं, तो वे अपने घर, परिवार और संस्कारों का भी प्रतिनिधित्व करती हैं,इसलिए हमारी वेश-भूषा, आचरण और चाल-चलन पूर्णतः मर्यादित,संयमित,भारतीय सभ्यता और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप होने चाहिए* उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार का अमर्यादित आचरण या वेश-भूषा कदापि स्वीकार्य नहीं होगी,*हमें ऐसा आचरण रखना है कि समाज हमें देखकर अपनी बेटियों और बहनों को पार्टी से जोड़ने में गर्व महसूस करे हम महान भारत माता की वे पुत्रियाँ हैं, जिनके आदर्श सीता माता, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई होलकर सहित भारतीय इतिहास की विदुषी व वीरांगनाएँ रही हैं। प्रज्ञा निर्वाणी ने सभी मंडल प्रभारियों को 28 जनवरी तक अपनी रिपोर्ट तैयार कर सौंपने के निर्देश दिए हैं। घोषित महिला मंडल प्रभारी सूची इस प्रकार है। बेमेतरा ग्रामीण प्रभारी रोशनी दत्ता (पार्षद),बेमेतरा शहर प्रभारी सरिता जैन (थानखाम्हारिया), बेरला प्रभारी हँशलता वर्मा पूर्व जनपद सदस्य, भींभोरी प्रभारी मनीषा शर्मा, सरदा प्रभारी लीना वर्मा पूर्व जनपद सदस्य, थानखम्हरिया प्रभारी सीमा चंद्राकर(पूर्व जनपद उपाध्यक्ष साजा), देवरबीजा प्रभारी कमला साहू, नवागढ़ प्रभारी भारती सूरज साहू, मारो प्रभारी मंजू लता रात्रे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ , खंडसरा प्रभारी निर्मला साहू(मारो), बालसमुंद प्रभारी ममता साहू, साजा प्रभारी मधु राजपूत, परपोड़ी प्रभारी यामिनी वैष्णव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष बेरला को नियुक्त किया है।

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

**दल्लीराजहरा।** जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अतंर्गत रेट्रोफिटिंग, एकल ग्राम योजना और समूह जल प्रदाय योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विकासखंडवार समीक्षा करते हुए उन क्षेत्रों की पहचान की जहां कार्य की गति धीमी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन समूह जल प्रदाय





योजनाओं का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें, ताकि ग्रामीणों को उनके घर पर ही नल से जल मिलना शुरू हो सके। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री और पाइपलाइन बिछाने के कार्य में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिन गांवों में कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां नियमित रूप से जल आपूर्ति सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना है। संबंधित अधिकारी फील्ड पर जाकर समस्याओं का समाधान करें और यह सुनिश्चित करें कि ग्रीष्म ऋतु आने से पहले अधिकतम जल प्रदाय योजनाओं का लाभ लोगों को मिलने लगे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़: जागृति



**जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं मेला उत्सव संपन्न**

**डोंगरगांव नगर।** ब्लॉक के ग्राम रेंगाकठेरा में पशुपालन को बढ़ावा देने एवं पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं मेला उत्सव शुक्रवार को गोठान स्थल में संपन्न हुआ। उपसंचालक, पशुधन विकास विभाग, राजनांदगांव के निर्देशन में आयोजित प्रदर्शनी में मुख्यअतिथि जिपं सभापति जागृति चुन्नी यदु थी। पशु प्रदर्शनी कार्यक्रम की अध्यक्षता जपंउपाध्यक्ष मनीष कुमार साहू ने की। पशु प्रदर्शनी में विभिन्न नस्लों के गाय, भैंस, बकरी एवं अन्य पशु-पक्षियों का प्रदर्शन किया गया।

पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों द्वारा पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उत्कृष्ट पशुओं एवं प्रगतिशील पशुपालकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृषि स्थायी समिति की सभापति जया तिमेश साहू, सदस्यगण हरिला साहू, उमेश कुमार साहू, दीपक बाई पटेल, क्रांति बाई चंद्रवंशी, सरपंच मधु ओमेश यदु, डोगरगांव पशु चिकित्सक डॉक्टर महेश केसरवानी सहित क्षेत्र के पशुपालक, किसान एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# युग परिवर्तन व नवसृजन के संकल्पों की आहूति, राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**डोंगरगांव नगर।** गायत्री मिशन की धूरी रहीं माता भगवती देवी की जन्म शताब्दी, शांतिकुज हरिद्वार में प्रज्जवलित अखण्ड ज्योति के 100 वर्ष पूरे होने तथा परम पूज्य गुरूदेव के साधना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे विश्व के साथ साथ नगर में भी शुक्रवार को विशाल 11 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ। उक्त एक दिवसीय महायज्ञ में युग परिवर्तन एवं नवसृजन के संकल्पों के साथ सैंकड़ों लोगों ने आहूतियां दी। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान् में परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा



आचार्य एवं परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण तथा शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ मंगलाचरण और देवपूजन से हुआ। पश्चात् प्रज्ञा गीत संगीत एवं भजनों की समधुर प्रस्तुति दी गई। नवग्रह सहित यज्ञ स्थल के चारों दिशाओं में वास्तु कलशों का पूजन किया गया। यज्ञ का संचालन जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा द्वारा करते हुए बसंत पर्व के आगमन पर उल्लास और बसंती छटा का बखान करते हुए यज्ञ के महत्व, उसके ज्ञान विज्ञान पर प्रकाश डाला गया और यज्ञीय कर्मकाण्ड संपादित किया गया। स्थानीय गायत्री मंदिर मैदान में आयोजित 11 कुण्डीय विशाल गायत्री महायज्ञ में अनेक परिजनों व साधकों ने दीक्षा संस्कार ग्रहण किया। वहीं दो बच्चों का विद्यारंभ संस्कार भी संपन्न कराया गया। यज्ञ स्थल पर गायत्री मिशन के पत्र पत्रिकाओं का स्टॉल लगाकर लोगों को निःशुल्क वितरण किया गया। शाम को विशाल दीपयज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें 365 दीप प्रज्जवलित कर 24 बार गायत्री मंत्रों की आहूति दी गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू की धर्मपत्नि जयश्री साहू, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित अन्य ने उपस्थिति प्रदान की। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में माता भगवती देवी साधना स्वाध्याय मंडल एवं बालकृष्ण सिन्हा सहित गायत्री परिजनों ने विशेष भूमिका निभाई।

# विधायक दीपेश साहू ने दिव्यांगों को ट्राय साईकिल वितरण कर मनाया जन्मदिन

## सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : दीपेश साहू

**बेमेतरा।** बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए समाज कल्याण विभाग के माध्यम से दिव्यांगजनों को सामान्य ट्राय साईकिल का वितरित किए। विधायक निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कुल छह दिव्यांगों को ट्राइसाइकिल, दो दिव्यांगों को श्रवण यंत्र तथा दो लाभार्थियों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों, बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन



योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार होना आवश्यक है, ताकि पात्र व्यक्ति तक समय पर लाभ पहुँच सके। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से अपील की कि बिना किसी भेदभाव के आम जनता की मदद करें। विधायक साहू ने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत, विकास एवं सामाजिक कल्याण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रही है। दिव्यांग सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसी उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ट्राइसाइकिल प्राप्त करने वाले दिव्यांग नरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि पहले उन्हें आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। समाज कल्याण विभाग से योजना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आवेदन किया और आज उन्हें ट्राइसाइकिल प्राप्त हुई। उन्होंने विधायक दीपेश साहू एवं समाज कल्याण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनका जीवन पहले से अधिक आसान हो जाएगा। लाभार्थियों की सूची : ट्राइसाइकिल प्राप्त करने वाले दिव्यांगः नरेंद्र कुमार यादव, सुकरिया यादव, राधेश्याम साहू, ब्रिज बाई, कांशीराम सिन्हा, रमेश सिन्हा को ट्राय साईकिल वितरण किया द्य वही चंद्रिका साहू, हुकुम पटेल को श्रवन यन्त्र का वितरण किया द्य इसके साथ ही शेखर देवांगन, दिनेश साहू व्हील चेयर का वितरण किया। कार्यक्रम के अंत में सभी दिव्यांगजनों ने विधायक दीपेश साहू एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में सांसद विजय बघेल करेंगे ध्वजारोहण

**बेमेतरा।** जिला बेमेतरा में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी को प्रातः बेसिक स्कूल मैदान में गरिमामय एवं भव्य रूप से किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्र के सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। ध्वजारोहण के पश्चात सांसद बघेल प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेशवासियों के नाम दिए गए संदेश का वाचन करेंगे। समारोह के दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम, भव्य परेड तथा विभिन्न विभागों द्वारा विकास आधारित



झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जो जिले की उपलब्धियों और योजनाओं को दर्शाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। समारोह में जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की हुई द्वितीय बैठक

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में आज जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की द्वितीय बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत एम.एस. पैकरा, मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों के परिचय तथा उद्योग विभाग से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करते हुए की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह द्वारा जिले में उद्योग स्थापना से प्राप्त निवेश की जानकारी ली गई। इस अवसर पर बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में स्थापित 97 उद्योगों के माध्यम से कुल 1,059.53 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश हुआ है, जिससे 2464 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्राप्त हुआ है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने उद्योग स्थापना हेतु शासकीय भूमि हस्तांतरण से संबंधित लंबित 13 प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक विनित नायर ने सुझाव दिया कि उद्योग स्थापना से पूर्व निजी भूमि क्रय करते समय भूमि के विवादित अथवा अवैध होने की जानकारी अवश्य ली जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, रायपुर के कार्यपालन अभियंता प्रवीण कुमार शर्मा ने नवीन औद्योगिक क्षेत्र 'प्लास्टिक पार्क, सरोरा' में उद्योगों की स्थापना हेतु विद्युत सब-स्टेशन की आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित एवं नवीन औद्योगिक पार्क क्षेत्रों में पृथक स्थल चिन्हित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन सहित औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रम विभाग तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, जिला रायपुर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बैंकिंग कार्य दिवस 5 दिन की मांग को लेकर यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस 27 को धरने पर

**रायपुर।** यूनाईटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा नौ यूनियनों के संयुक्त तत्वावधान में बैंकिंग कार्यदिवस पांच दिवसीय करने की मांग को लेकर एकदिवसीय धरना 27 जनवरी को संपूर्ण देश में होगा। उक्त आयोजन में संपूर्ण देश से आठ लाख से अधिक बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी भाग लेंगे। आयोजन में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक निजी क्षेत्र के बैंक विदेशी बैंक क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक एवं सहकारी बैंक शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में बैंक यूनियंस के अध्यक्ष वाय गोपाल कृष्णा शिरीष नलगुंवार सुरेश वानी एवं बलजीत सिंह ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में कृष्णा ने बताया कि पांच दिवसीय कार्यदिवस की मांग को लेकर बैंक कर्मचारी संघ द्वारा 7 दिसंबर 2023 आठ मार्च 2024 एवं सर्वप्रथम 2015 में दस द्विपक्षीय समझौते की तहत की गई थी बावजूद सरकार द्वारा मांग को लगातार टाला जा रहा है। डिजीलाइटेशन के बाद बैंक ने अपने खातेदारों के लिए अनेक सुविधाएं उपलब्ध करायी है। शनिवार रविवार को बैंक बंद होने से विशेष फर्क नहीं पड़ता। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि चेंबर ऑफ कामर्स एवं व्यापारिक समूह के दबाव में आकर सरकार द्वारा आज तक पांच दिवसीय बैंकिंग कार्यदिवस नहीं किया गया है। इसके साथ ही वर्षों से बैंक कर्मियों की नियुक्ति नहीं की गई है जिसके चलते बैंक के केशकाउंटर एवं जमा काउंटर पर लगातार भीड़ बढ़ने से संबंधित कर्मियों को काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है।

### मॉडल यूथ ग्राम सभा में छत्तीसगढ़ को विजेता मिलने पर हर्ष व्याप्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की जनजातीय शिक्षा प्रणाली की बड़ी जीत देश भर के 800 से अधिक स्कूलों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए, ईएमआरएस कोसमबुड़ा के छात्रों ने ग्रामीण शासन की असाधारण समझ का प्रदर्शन किया। 30 अक्टूबर 2025 को जनजातीय कार्य मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य युवाओं को मॉक ग्राम सभा सत्रों के माध्यम से जमीनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित करना था। छत्तीसगढ़ का शीर्ष स्थान यह दर्शाता है कि राज्य ने अपनी जनजातीय आवासीय स्कूल प्रणाली के भीतर लोकतांत्रिक मूल्यों को कितनी मजबूती से आत्मसात किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईएमआरएस कोसमबुड़ा के प्राचार्य, डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा:मॉडल यूथ ग्राम सभा पहल में हमारे विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिलना हर्ष का विषय है। यह सफलता हमारे विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम और ग्रामीण विकास से जुड़ी समस्याओं के प्रति उनकी गहरी समझ को दर्शाती है। पंचायती राज मंत्रालय और केंद्र सरकार की यह दूरदर्शी पहल छात्रों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और सहभागी शासन से जोड़ने का एक प्रभावी मंच है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया को करीब से समझने का अवसर मिला है। हम आगामी 28 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाले सम्मान समारोह में सहभागिता को लेकर उत्साहित हैं। युवा सहभागिता के लिए दूरदर्शी पहल 'मॉडल यूथ ग्राम सभा' को 30 अक्टूबर 2025 को लॉन्च किया गया था। इस कार्यक्रम ने तीन महीने से भी कम समय में भारत के 800 से अधिक स्कूलों तक पहुँच बनाकर युवाओं में सहभागी शासन की संस्कृति को बढ़ावा दिया है।

---

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां पूर्ण

# मुख्य समारोह में डॉग स्क्वॉड की प्रस्तुति रहेगी विशेष आकर्षण का केंद्र

- फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में दिखी परेड, पदक अलंकरण व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भव्य झलक

रायपुर/ संवाददाता

राजधानी रायपुर में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह भव्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड, रायपुर में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा, जहां राज्यपाल श्री रमेन डेका ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। आज पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई, जिसमें मार्च-पास्ट, पदक अलंकरण, गार्ड ऑफ ऑनर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप से परखा गया। रिहर्सल के दौरान सभी गतिविधियां निर्धारित मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार संचालित की गईं। रिहर्सल में पुलिस महानिदेशक श्री अरुणदेव गौतम, रायपुर पुलिस कमिश्नर श्री संजीव शुक्ला, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप तथा जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल के सुरक्षा अधिकारी डीएसपी श्री गिरीश कोरी ने राज्यपाल की भूमिका निभाते हुए सुरक्षा एवं आयोजन व्यवस्था का जायजा लिया।

### 17 टुकड़ियों की भव्य परेड, सुरक्षा बलों की शक्ति का प्रदर्शन

गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के अवसर पर आयोजित परेड में देश की सुरक्षा, अनुशासन और एकता का भव्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा। इस वर्ष कुल 17 सुरक्षा बलों की टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी। इनमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल सहित विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य सुरक्षा बलों की टुकड़ियां शामिल हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश पुलिस, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (पुरुष एवं महिला), छत्तीसगढ़ पुलिस (पुरुष), जेल पुलिस (पुरुष), नगर सेना (पुरुष एवं महिला) तथा एनसीसी बॉयज एवं गर्ल्स की टुकड़ियां परेड की शोभा बढ़ाएंगी। घुड़सवार दल, बैंड प्लाटून और डॉग स्क्वॉड की सुसज्जित प्रस्तुतियां समारोह को और भी आकर्षक बनाएंगी। सम्पूर्ण परेड आयोजन के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री विवेकानंद सिन्हा हैं। उनके सहयोग में पुलिस महानिरीक्षक श्री बी.एस. ध्रुव (आईपीएस), उप पुलिस महानिरीक्षक श्री सदानंद कुमार (आईपीएस) एवं सेनानी श्री ओम प्रकाश शर्मा व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। रिहर्सल के दौरान 12 सदस्यीय पुलिस डॉग स्क्वॉड ने अपने अनुशासन, फुर्ती और दक्षता से सभी का ध्यान आकर्षित किया। ये जांबाज़ स्वान हत्या, चोरी-डकैती एवं मादक पदार्थों से जुड़े गंभीर अपराधों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ पुलिस स्वान दल की उच्चस्तरीय प्रशिक्षण क्षमता, पेशेवर दक्षता और राष्ट्रीय उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिखेगा विकसित भारत और राष्ट्र प्रेम की झलक

गणतंत्र दिवस समारोह में शालेय विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं नृत्य एवं संगीत के माध्यम से संस्कृति, नारी शक्ति, युवा सामर्थ्य और विकसित भारत की परिकल्पना को सजीव करेंगे। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, सरगुजा द्वारा विकसित भारत, बढ़ता भारत, शिवोम विद्यापीठ, सांकरा (दुर्ग) द्वारा जयतु जयतु भारत तथा पी.जी. उमाठे शासकीय कन्या अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, शांति नगर (रायपुर) द्वारा आरंभ है प्रचंड विषय पर आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

---

## ऑपरेशन साइबर शील्ड अंतर्गत कार्यवाही जारी, 11 अंतर्राज्यीय ठग गिरफ्तार किए...

रायपुर। संवाददाता

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा द्वारा रेंज साइबर थाना रायपुर को साइबर अपराधों मे शामिल मुख्य आरोपियों के विरुद्ध तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर गिरफ्तारी करने हेतु निर्देश दिया गया है। प्रार्थी माया तिवारी पटेल उनके साथ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा के नाम से 89 लाख ठगी होने पर थाना राखी में सूचना दिया था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 115/25 धारा 318(4), 3(5) भा.न्या.सं. पंजीकृत कर विवेचना क्रम में पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज श्री अमरेश मिश्रा द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार ऑपरेशन साइबर शील्ड अंतर्गत कार्यवाही करते हुए तकनीक विश्लेषण कर मुख्य आरोपी की पहचान की गई। प्रार्थी जयंत चंद्राकर ने उनके साथ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा के नाम से 26 लाख ठगी होने पर थाना आमानाका में सूचना दिया था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 283/25 धारा 318(4), 3(5) भा.न्या.सं. पंजीकृत कर विवेचना क्रम में तकनीक विश्लेषण कर मुख्य आरोपी की पहचान की गई। प्रार्थी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने उनके साथ शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा के नाम से 32 लाख ठगी होने पर थाना तेलीबांधा में सूचना दिया था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 228/25 धारा 318(4), 3(5), भा.न्या.सं., 66(ष) आई टी एक्ट, पंजीकृत कर विवेचना क्रम में बैंक खाता, मोबाइल नंबर एवं वॉट्सएप से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण कर मुख्य आरोपियों की पहचान की गई। प्रार्थी कपिल दासवानी ने उनके साथ ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के बहाने 15 लाख की ठगी होने पर थाना विधानसभा में सूचना दिया था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 14/24 धारा 318(4) बी.एन.एस. पंजीकृत कर विवेचना क्रम में बैंक से प्राप्त जानकारी एवं वीडियो फुटेज का तकनीक विश्लेषण कर आरोपी की पहचान की गई। प्रार्थी राहुल सिंह ने उनके साथ शेयर ट्रेडिंग में अत्यधिक लाभ के बहाने 18 लाख की ठगी होने पर थाना रेंज साइबर में सूचना दिया था। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 13/24 धारा 318(4) भा.न्या.सं., 66(ष) आई.टी. एक्ट पंजीकृत कर विवेचना क्रम में मोबाइल सर्विस प्रदाता कंपनी एवं वॉट्सएप से प्राप्त जानकारी का तकनीक विश्लेषण कर आरोपी की पहचान की गई।

### हंसिया के नोंक पर लूट, आरोपियों की तलाश

रायपुर। बीती रात अज्ञात लोगों ने हंसिया की नोंक पर लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। प्रार्थिया सोनाबाई भुसड़ीपारा मोंगराबस?ती स?कूल के पीछे में रहती है। घटना दिनांक20-21 जनवरी की दरम्यानी रात को 3 लोग उसके घर में घुसकर लूट को अंजाम दिए। पीड़िता ने बताया कि तीनों लोग मोटरसायकल से आये थे। रात को 12 बजे से 01 बजे के बीच घर के पीछे बाउड्री से कूदकर सोनाबाई के कमरा में तीन लोग अपना मुंह बांधे थे घुस गये और बेटा-बहू के कमरा में बाहर से ताला लगा दिये। तीनो सोनाबाई के कमरा में आकर कमरा में रखे हसिया को गर्दन में रखकर पैसा के संबंध में मारने की धमकी देते घर में रखे उसके मोबाईल एवं पेटी में रखे 5500 रुपये नगदी को लेकर भाग गये। ये लोग मोटर सायकल को घर के बाहर खड़ा किये थे।

---

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की पत्रकार वार्ता

## छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ाने की मांग

रायपुर/ संवाददाता



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने गुरुवार 22 जनवरी 2026 को राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में धान खरीदी, मनरेगा, जमीनों की गाइडलाइन दरों तथा प्रयागराज माघ मेले से जुड़े घटनाक्रम को लेकर कांग्रेस का पक्ष रखा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई है, जबकि अब केवल कुछ ही कार्यदिवस शेष हैं। उन्होंने बताया कि अवकाशों के कारण वास्तविक खरीदी के दिन और कम हो जाते हैं। कांग्रेस के अनुसार अभी भी बड़ी संख्या में किसान धान नहीं बेच पाए हैं तथा कुल निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले खरीदी अधूरी है। कांग्रेस ने मांग की कि धान खरीदी की अवधि कम से कम एक माह बढ़ाई जाए ऑनलाइन टोकन की प्रक्रिया पुनः शुरू की जाए। सभी समितियों में ऑफलाइन टोकन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। किसानों का पूरा धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जाए। धान भंडारण और प्रबंधन को लेकर चिंता। पत्रकार वार्ता में धान के भंडारण, रखरखाव और मिलिंग को लेकर भी सवाल उठाए गए। कांग्रेस का कहना है कि विभिन्न संग्रहण केंद्रों में धान के खराब होने की शिकायतें सामने आई हैं, जिससे सरकारी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्टी ने इस विषय पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। दीपक बैज ने कहा कि भाजपा द्वारा 2023 में किए गए वादों के अनुरूप किसानों को धान का पूरा मूल्य नहीं मिल पा रहा है। कांग्रेस का दावा है कि समर्थन मूल्य में हुई बढ़ोतरी का लाभ किसानों तक पूरी तरह नहीं पहुंच रहा है।

---

## आयुष्मान वय वंदना कार्ड से वरिष्ठ नागरिकों को मिल रही स्वास्थ्य सुरक्षा

- विशेष शिविर में 150 से अधिक लोगों का बना आयुष्मान कार्ड
- कार्ड बनाने पहुंचे 71 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक वीरेंद्र ने कहा, इलाज की चिंता खत्म हुई अब वय वंदना बुजुर्गों का सहारा बन गई

रायपुर। संवाददाता

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में जैन सेवा समिति, रायपुर के आग्रह पर सदर बाजार स्थित महावीर जैन भवन में विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए आयुष्मान वय वंदना कार्ड का पंजीयन कराया। इस दौरान जैन सेवा समिति के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों सहित 150 से अधिक लोगों के वय वंदना कार्ड बनाए गए। शिविर में अपना कार्ड बनवाने पहुंचे शंकर नगर निवासी 71 वर्षीय वीरेंद्र कुमार डागा ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अत्यंत संवेदनशील और जनहितकारी योजना है, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का भी पूर्ण सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति महंगे इलाज का खर्च वहन नहीं कर पाता, लेकिन इस योजना के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार मिलने से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं जैन सेवा समिति के सचिव श्री गुलाब दास दस्सानी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनने से लोगों को निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है। यह एक प्रभावी जनकल्याणकारी योजना है, जिससे आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो रही हैं। इसी उद्देश्य से सीएमएचओ कार्यालय से शिविर आयोजन का आग्रह किया गया था, जिससे समाज के अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सका। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत जिले में 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों का वय वंदना कार्ड पंजीयन कार्य निरंतर जारी है।

---

### राष्ट्रीय पटल पर चमका छत्तीसगढ़, मॉडल यूथ ग्राम सभा में ईएमआरएस कोसमबुड़ा ने हासिल किया प्रथम स्थान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के लिए बड़े गौरव के क्षण में, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा ने अपनी तरह की पहली 'मॉडल यूथ ग्राम सभा' प्रतियोगिता में राष्ट्रीय विजेता बनकर उभरने का गौरव प्राप्त किया है। पंचायती राज मंत्रालय आगामी 28 जनवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ की इस विजेता टीम को औपचारिक रूप से सम्मानित करेगा। छत्तीसगढ़ की जनजातीय शिक्षा प्रणाली की बड़ी जीत देश भर के 800 से अधिक स्कूलों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए, ईएमआरएस कोसमबुड़ा के छात्रों ने ग्रामीण शासन की असाधारण समझ का प्रदर्शन किया। 30 अक्टूबर 2025 को जनजातीय कार्य मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के सहयोग से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य युवाओं को मॉक ग्राम सभा सत्रों के माध्यम से जमीनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित करना था। छत्तीसगढ़ का शीर्ष स्थान यह दर्शाता है कि राज्य ने अपनी जनजातीय आवासीय स्कूल प्रणाली के भीतर लोकतांत्रिक मूल्यों को कितनी मजबूती से आत्मसात किया है।

---

## प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से सुरक्षित हुई महिलाओं की रसोई-धनाइया पटेल



- श्रीमती धनाइया पटेल को मिली सुविधा, रसोई हुआ धुआं मुक्त
- उज्ज्वला योजना ने उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान और सुरक्षित बना दिया है।

रायपुर/ संवाददाता

जब रसोई से धुआँ हटता है, तो सिर्फ दीवारें साफ़ नहीं होतीं, एक महिला की सेहत, समय और आत्मसम्मान भी सुरक्षित होता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना ने ऐसी ही एक नई शुरुआत दी है कबीरधाम जिले की श्रीमती धनाइया पटेल को, जिनकी ज़िंदगी अब धुएँ से नहीं, सुकून से भरी है। कबीरधाम जिले के ग्राम सौगना की रहने वाली श्रीमती धनाइया पटेल ने ग्राम पंचायत के माध्यम से उज्ज्वला योजना में आवेदन किया था। आवेदन स्वीकृत होने के बाद उन्हें निःशुल्क गैस कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा मिला। इसी के साथ धुएँ भरी रसोई से उन्हें हमेशा के लिए राहत मिल गई। श्रीमती धनाइया बताती हैं कि पहले लकड़ी से खाना बनाना बहुत मुश्किल होता था। बरसात के दिनों में लकड़ी भीग जाती थी, आग जलाने में समय लगता था और पूरा किचन धुएँ से भर जाता था। अचानक मेहमान आ जाएं तो खाना बनाना और भी परेशानी भरा हो जाता था। उनकी छोटी रसोई में धुएँ का सीधा असर सेहत पर पड़ता था। अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। वे खुशी से कहती हैं, अब एक चिंगारी में चूल्हा जल जाता है और खाना जल्दी बन जाता है। न धुआँ है, न आंखों में जलन। बच्चों को जब भूख लगे, तुरंत खाना बना देती हूं। अब उन्हें न लकड़ी इकट्ठा करने की चिंता है, न धुएँ से जूझने की मजबूरी। समय की बचत हो रही है और स्वास्थ्य भी पहले से बेहतर हुआ है। उनका कहना है कि उज्ज्वला योजना ने उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को आसान और सुरक्षित बना दिया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना ने कबीरधाम जिले की हजारों महिलाओं की रसोई में बदलाव लाया है। यह योजना सिर्फ गैस कनेक्शन नहीं, बल्कि महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य, सम्मान और सुविधा देने की एक मजबूत पहल है।

---

रायपुर साहित्य उत्सव 2026

## महिला साहित्यकारों के विशेष काव्य-पाठ सहित सुरजीत नवदीप मंडप में गूंजा साहित्य, 90 से अधिक रचनाकारों की सहभागिता

रायपुर/ संवाददाता




नवा रायपुर में आयोजित रायपुर साहित्य उत्सव 2026 पूरे उत्साह और साहित्यिक गरिमा के साथ जारी है। उत्सव के अंतर्गत सुरजीत नवदीप मंडप में महिला साहित्यकारों के विशेष काव्य-पाठ सहित काव्य एवं व्यंग्य के कई सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए 90 से अधिक नवोदित एवं समकालीन रचनाकारों ने सहभागिता की। रायपुर साहित्य महोत्सव के वृहद आयोजन के अंतर्गत जय जोहार साहित्य-संस्कृति संस्थान, छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान एवं छत्तीसगढ़ मित्र के संयुक्त तत्वावधान में महिला साहित्यकारों के विशेष काव्य-पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन जय जोहार साहित्य-संस्कृति संस्थान की अध्यक्ष डॉ. सीमा निगम द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान की संरक्षक डॉ. रश्मिलता मिश्रा, श्रीमती शशि सुरेंद्र दुबे एवं छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला तरार विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहीं। मंच संचालन डॉ. सीमा अवस्थी एवं सुमन शर्मा बाजपेयी ने किया। महिला साहित्यकारों ने अपनी कविताओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक-संस्कृति, नदियों की महिमा, सामाजिक सरोकार, नारी सशक्तिकरण एवं राष्ट्रभक्ति जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस सत्र में विमला माहेश्वरी, भारती यादव मेधा, पूर्वा श्रीवास्तव, पल्लवी झा, नंदिनी लहेज, दिलशाद सैफी, अनिता झा, अनामिका शर्मा 'शशि', प्रमदा ठाकुर, सुषमा प्रेम पटेल, पूर्णिमा तिवारी, शुभ्रा ठाकुर, धरा देवांगन, शकुंतला तिवारी, सीमा पांडेय, डॉ. ज्योति दीवान, डॉ. संध्या रानी शुक्ला, नलिनी बाजपेयी, अंजना भाके 'कनुप्रिया', शशि तिवारी, डॉ. तुलेश्वरी धुरंधर, प्रतिमा बनर्जी, दुर्गा पाठक, आभा श्रीवास्तव, मंजूषा अग्रवाल, कल्याणी तिवारी, प्रीति मिश्रा, चंद्र प्रभा दुबे, चंद्रकला त्रिपाठी, अर्चना जैन, खिलेश गौर सहित अनेक साहित्यकारों ने सहभागिता की। आभार प्रदर्शन डॉ. मृणालिका ओझा ने किया। उत्सव के अंतर्गत सुरजीत नवदीप मंडप में आयोजित अन्य साहित्यिक सत्रों में सामूहिक काव्य-पाठ एवं व्यंग्य प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। धमतरी से श्री डूमनलाल ध्रुव के नेतृत्व में 15 सदस्यीय दल ने ग्रामीण एवं लोक संवेदनाओं से जुड़ी कविताएं प्रस्तुत कीं। रायपुर से श्री राजशेखर चौबे के नेतृत्व में 9 रचनाकारों ने समकालीन विषयों पर व्यंग्यात्मक रचनाएं प्रस्तुत कीं, जबकि महासमुंद से श्री अशोक शर्मा के नेतृत्व में 12 सदस्यीय समूह ने आंचलिक संस्कृति को स्वर दिया।

## संपादकीय

# मिनटों में सामान, लेकिन सड़क पर जान की जिम्मेदारी किसकी?

आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और अत्यधिक व्यस्तता के बीच आनलाइन सामान पहुंचाने का कारोबार न केवल रोजगार का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत बन गया है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के लिए एक बड़े बाजार की शक्ल ले चुका है। खासकर कोविड महामारी के बाद से इसमें जबरदस्त उछाल आया है और अब मांग पर हर तरह के उत्पाद मिनटों में घर पर पहुंच जाते हैं। मगर तत्काल सामान पहुंचाने की होड़ में इस कार्य से जुड़े कर्मियों पर आनलाइन कंपनियों के दबाव और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं।सामान पहुंचाने के दौरान सड़क हादसों में मौत हो जाने की देश भर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने अब दस मिनट में सामान पहुंचाने से संबंधित कंपनियों के दावों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सवाल है कि आखिर सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा? क्या संबंधित कंपनियों की यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने कर्मियों की सुरक्षा और बेहतरी की फिक्र करे?बीते वर्ष के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर 2025 को घर पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों ने हड़ताल का आह्वान कर अपनी दिक्कतों की तरफ देश, समाज और सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की थी। कुछ अरसे से ऑनलाइन बाजार की यह कह कर हिमायत की जा रही है कि इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और उपभोक्ताओं को भी अपनी पसंद के सामान की खरीदारी का आसान विकल्प मिल गया है। साथ यह भी कहा जाता है कि इस क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों को अपने कार्य की अवधि खुद तय करने की आजादी है।मगर, क्या वास्तव में उन्हें काम करने की आजादी है? निर्धारित समय के भीतर सामान पहुंचाने और प्रतिदिन का लक्ष्य पूरा करने का दबाव कई बार उन्हें मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक तकलीफ भी देता है। इस दबाव में सड़क पर तेज रफ्तार में दोपहिया वाहन चलाने से हर समय जान का जोखिम बना रहता है। ऐसे में दस मिनट में सामान पहुंचाने के वादों पर रोक लगाना निहायत जरूरी हो गया था।नीति आयोग की वर्ष 2022 की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2020 में देश भर में आनलाइन मांग पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों की संख्या करीब 77 लाख थी और यह आंकड़ा 2030 तक 2.35 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इससे यह बात तो स्पष्ट है कि आनलाइन बाजार के कारोबार से रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं, लेकिन साथ ही संबंधित कंपनियों की प्रतिस्पर्धा में कर्मियों की सुरक्षा और काम के दबाव का संकट भी पैदा हुआ है।कहा जा रहा है कि सरकार के आदेश के बाद आनलाइन कंपनियों ने अपने मंच से दस मिनट में सामान पहुंचाने का दावा हटा लिया है। मगर इस तरह की कोशिशें फिर से किसी दूसरे रूप में न हों, इसके लिए सरकार की ओर से एक निगरानी तंत्र बनाने की जरूरत है। सरकार को संबंधति आनलाइन मंचों के साथ मिलकर यह कोशिश करनी होगी कि श्रमशक्ति का यह हिस्सा सुरक्षित वातारण में विकास और सामाजिक गतिशीलता की सीढ़ी बने और उनके अधिकारों की भी रक्षा हो सके।

**हम आपको बता दें कि बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिये गये इस साक्षात्कार में एआर रहमान ने कहा, फिल्म उद्योग में सत्ता संतुलन बदला है और संभव है कि इसके पीछे कोई साम्प्रदायिक पहलू भी हो, हालांकि यह बात उनके सामने सीधे तौर पर कभी नहीं आई। संगीत जगत के सबसे प्रभावशाली नामों में शुमार एआर रहमान इन दिनों चर्चा में हैं, लेकिन वजह उनकी कोई नई रचना नहीं, बल्कि वह बयान हैं जिनमें उन्होंने कथित रूप से अपने धर्म के कारण पिछले लगभग एक दशक से हिंदी फिल्म उद्योग में काम कम मिलने का संकेत दिया। जिस तरह से उनके इन बयानों को हिंदी सिनेमा जगत की कई वरिष्ठ और प्रतिष्ठित हस्तियां सिरे से खारिज कर रही हैं, वह साफ करता है कि प्रख्यात संगीतकार ने बॉलीवुड को धर्म के चश्मे से देखकर एक बुनियादी भूल की है। हिंदी सिनेमा एक ऐसा मंच रहा है जहां पहचान नहीं, बल्कि प्रतिभा निर्णायक रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि जिस उद्योग ने रहमान को सिर आंखों पर बैठाया, उसी के स्वभाव को वह आज तक नहीं समझ पाए, यह हैरानी का विषय नहीं तो और क्या है?**

# एआर रहमान ने हिंदी सिनेमा जगत को धर्म के चश्मे से देखकर बड़ी गलती कर दी है

(नीरज कुमार दुबे)

हम आपको बता दें कि बीबीसी एशियन नेटवर्क को दिये गये इस साक्षात्कार में एआर रहमान ने कहा, फिल्म उद्योग में सत्ता संतुलन बदला है और संभव है कि इसके पीछे कोई साम्प्रदायिक पहलू भी हो, हालांकि यह बात उनके सामने सीधे तौर पर कभी नहीं आई। एआर रहमान के अनुसार उन्हें यह सब सीधे नहीं बताया जाता, बल्कि कानों कान खबर के रूप में पता चलता है। उनका कहना है कि वह काम की तलाश में नहीं रहते, बल्कि चाहते हैं कि उनके काम की सच्चाई खुद काम को उनकी ओर खींच लाए। उन्होंने इसे अपनी आस्था और कार्यशैली से जोड़ा और कहा कि वह जबरन अवसर खोजने में विश्वास नहीं रखते।

दिलचस्प बात यह है कि नब्बे के दशक में जब रहमान ने हिंदी फिल्म जगत में कदम रखा, तब उन्हें किसी भेदभाव का अनुभव नहीं हुआ। वह कहते हैं कि शायद उस समय ईश्वर ने ऐसी बातों से उन्हें दूर ही रखा। लेकिन हाल के वर्षों में परिस्थितियां बदली हैं। उनके अनुसार अब निर्णय की शक्ति कई बार ऐसे लोगों के हाथ में है जिनका रचनात्मकता से सीधा संबंध नहीं है। कभी कभी यह भी सुनने में आता है कि किसी परियोजना के लिए उन्हें चुना गया था, लेकिन बाद में संगीत कंपनी ने अन्य संगीतकारों को साथ लेकर काम कर लिया।

साक्षात्कार में रहमान ने यह भी कहा कि वे ऐसी फिल्मों से दूरी बनाने की कोशिश करते हैं जिनकी मंशा उन्हें ठीक नहीं लगती। इसी संदर्भ में उनसे हाल में आई एक ऐतिहासिक फिल्म में उनके काम को लेकर सवाल किया गया था। उन्होंने स्वीकार किया कि फिल्म विभाजन की भावना पर आधारित लग सकती है, लेकिन उनका मानना है कि इसका मूल उद्देश्य साहस और शौर्य को दिखाना था। उन्होंने यह भी कहा कि दर्शक इतने समझदार हैं कि वह



सच्चाई और चालाकी में फर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि यह फिल्म जो छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, फरवरी 2025 में प्रदर्शित हुई और ऐतिहासिक तथ्यों को लेकर तीखी बहस के बावजूद व्यापारिक रूप से अत्यंत सफल रही। इसकी कुल कमाई लगभग सात सौ करोड़ रुपये बताई गई।

दूसरी ओर, रहमान की टिप्पणी ने कला जगत में तीखी प्रतिक्रियाएं पैदा की हैं। वरिष्ठ गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने इस विचार से असहमति जताई है। उनका कहना है कि उन्होंने कभी ऐसा माहौल महसूस नहीं किया। जावेद अख्तर ने कहा कि मुंबई में रहमान को अपार सम्मान मिलता है लेकिन कई छोटे निर्माता उनसे संपर्क करने में हिचकिचाते हैं। उनका मानना है कि रहमान की व्यस्त अंतरराष्टीय जीवनशैली भी काम कम होने का एक कारण हो सकती है, न कि कोई साम्प्रदायिक तत्व।

वहीं लेखिका और स्तंभकार शोभा डे ने रहमान की टिप्पणी को खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच दशकों के अनुभव में उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग को प्रतिभा के आधार पर चलने वाला क्षेत्र पाया है, जहां धर्म आड़े नहीं आता। गायक शान ने भी इसी तरह की राय रखते हुए कहा कि काम मिलना या न मिलना व्यक्तिगत परिस्थितियों और पसंद नापसंद पर निर्भर करता है। ऐसी ही टिप्पणियां कई अन्य कलाकारों की भी रहीं।

देखा जाये तो एआर रहमान की यह आशंका कि हिंदी फिल्म उद्योग में उनके लिए अवसर कम होने के पीछे कोई साम्प्रदायिक कारण हो सकता है, न केवल कमजोर तर्क पर आधारित दिखती है बल्कि बॉलीवुड के लंबे इतिहास और वर्तमान सच्चाई से भी मेल नहीं खाती। हिंदी सिनेमा की बुनियाद ही विविधता, समावेश और प्रतिभा की स्वीकृति पर टिकी रही है। यहां धर्म नहीं, बल्कि दर्शकों से जुड़ने की क्षमता और काम की गुणवत्ता निर्णायक रही है।

अगर बॉलीवुड में सचमुच धर्म के आधार पर भेदभाव होता, तो यह कल्पना भी संभव नहीं होती कि पिछले



तीन दशकों से उद्योग के सबसे बड़े सितारे तीन मुसलमान कलाकार होते। शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान न केवल व्यावसायिक सफलता के शिखर पर हैं, बल्कि उन्हें देश के हर वर्ग, हर धर्म और हर क्षेत्र से अपार प्रेम मिला है। उनके प्रशंसकों की संख्या लगातार बढ़ती रही है और उनकी फिल्मों ने सैंकड़ों करोड़ रुपये का कारोबार किया है। यह तथ्य अपने आप में इस धारणा को खारिज करने के लिए पर्याप्त है कि बॉलीवुड में धर्म किसी कलाकार की राह रोकता है।

हिंदी फिल्म उद्योग में संगीत, लेखन, अभिनय और निर्देशन जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में अनगिनत उदाहरण हैं, जहां कलाकारों को उनकी पहचान या आस्था के कारण नहीं, बल्कि उनके हुनर के कारण स्वीकार किया गया। जावेद अख्तर, सलीम खान, मजरूह सुल्तानपुरी और नौशाद जैसे नाम इस बात की गवाही देते हैं कि यह उद्योग प्रतिभा को सिर आंखों पर बैठाता है। एआर रहमान निस्संदेह एक महान संगीतकार हैं और उनके योगदान पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता। लेकिन बदलते दौर में काम की मात्रा कम या ज्यादा होना कई व्यावसायिक और रचनात्मक कारणों से जुड़ा हो सकता है। इसे सीधे साम्प्रदायिक नजरिये से देखना न तो उद्योग के साथ न्याय करता है और न ही स्वयं रहमान की उस वैश्विक छवि के साथ, जो संगीत को सीमाओं और पहचानों से परे मानती है।

जरूरत इस बात की है कि ऐसे कयासों की बजाय आत्मविश्लेषण और बदलती कार्यप्रणाली को समझा जाए। बॉलीवुड को संदेह के कटघरे में खड़ा करने की बजाय, रहमान जैसे कलाकारों को अपनी ही विरासत पर भरोसा रखना चाहिए। यह उद्योग आज भी उसी सिद्धांत पर चलता है जिस पर वह दशकों से चलता आया है यानि प्रतिभा ही सबसे बड़ा धर्म है।

# ठाकरे बंधुओं से दूर हो रहे हैं शिव सेना के परंपरागत मतदाता

कृष्णमोहन झा

महाराष्ट्र में विगत दिनों संपन्न हुए स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा 29 में से 17 नगरनिगमों में अकेले अपने दम पर बहुमत हासिल करने में सफल रही है जबकि 8 नगर निगमों में भाजपा नीत महायुति ने बहुमत हासिल किया है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के गठबंधन को इन चुनावों में मिली करारी हार ने सदमे की स्थिति में पहुंचा दिया है। ये चुनाव परिणाम मुंबई महानगर पालिका में तीस साल से चले आ रहे अविभाजित शिवसेना के वर्चस्व के अंत का संदेश लेकर आए हैं। गौरतलब है कि भाजपा ने मुंबई महानगर पालिका की 227 सीटो में से 89 सीटों पर जीत हासिल कर इतिहास रच दिया है। सत्तारूढ़ महायुति में भाजपा की सहयोगी शिवसेना ( शिंदे गुट)29 सीटें जीतकर दूसरे स्थान पर रही जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना 65 सीटों पर सिमट कर तीसरे स्थान पर आ गई। सबसे शोचनीय स्थिति का सामना उसकी सहयोगी राज ठाकरे की महाराष्ट सेना को करना पड़ा जिसे मात्र 6 सीटों पर जीत का स्वाद चखने का मौका मिला। इन नगरीय चुनावों में भाजपा की अभूतपूर्व शानदार सफलता ने निसंदेह राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का कद बढ़ा दिया है जिनकी कुशल रणनीति और सबको साथ लेकर चलने की कार्यशैली ने भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने अपने आपसी मतभेद भुलाकर जो चुनावी गठबंधन किया था उसे मिली करारी शिकस्त ने अब यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या दोनों ठाकरे बंधु मिल कर आगे आने वाले समय में बाला साहेब ठाकरे की विरासत को सहेज कर रखने में सफल हो पाएंगे और इससे भी बड़ा सवाल तो यह है कि दोनों ठाकरे बंधुओं के बीच की यह राजनीतिक मैत्री क्या स्थायी रूप लेने में सफल हो पाएगी। अपनी पार्टी की करारी हार पर राज ठाकरे ने जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है उससे यह संदेश मिलता है कि वे अपनी लाइन से नहीं हटेंगे। राज ठाकरे कहते हैं कि ÷हमारी लड़ाई मराठी लोगों, मराठी अस्मिता, मराठी पहचान और एक खुशहाल महाराष्ट्र के लिए है। हमारी लड़ाई हमारे वजूद की है । सबाइन जानते हैं कि ऐसी लड़ाईयां लंबी चलती हैं।÷ इसी से मिलती जुलती प्रतिक्रिया उद्धव ठाकरे की शिवसेना की ओर से आई है जिसमें कहा गया है कि ÷यह लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।यह लड़ाई तब तक चलेगी जब तक कि मराठी लोगों को वह सम्मान नहीं मिल जाता जो वह डिजर्व करते हैं।÷ दोनों ठाकरे बंधुओं की प्रतिक्रियाओं से केवल यही मतलब निकाला जा सकता है कि वे अपनी लाइन से हटने के लिए तैयार नहीं हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि उनका पूरा चुनाव अभियान मराठी अस्मिता के नाम पर ही केन्द्रित था जो मतदाताओं को आकर्षित करने में असफल रहा। नगरीय निकायों के ताजा चुनाव परिणामों को तो मतदाताओं के इस संदेश के रूप में देखा जाना चाहिए कि उन्हें भाजपा नीत महायुति के सत्ता में रहने से मराठी अस्मिता पर कोई संकट नहीं आ रहा है। दरअसल नगरीय निकायों के चुनाव परिणामों में ठाकरे बंधुओं के लिए यह संदेश भी छुपा हुआ है कि महाराष्ट्र की जनता उन्हें मराठी अस्मिता के रक्षक के रूप में पुरस्कृत करने के लिए तैयार नहीं है। गौरतलब है कि भाजपा नीत महायुति ने तो यहां विकास के नाम वोट मांगे थे वहीं दूसरी ओर ठाकरे बंधुओं का पूरा चुनाव अभियान मराठी एजेंडा के इर्द गिर्द ही घूमता रहा। चुनाव के पहले उद्धव ठाकरे ने जिस तरह कांग्रेस का साथ छोड़ कर राज ठाकरे से हाथ मिला लिया उसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी। इससे उन्होंने दलित और मुस्लिम मतदाताओं का समर्थन को दिया। इन चुनाव परिणामों से उद्धव ठाकरे को यह सबक भी लेना चाहिए कि शिवसेना के परंपरागत मतदाता भी उनसे दूर होते जा रहे हैं और झुकाव उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना की तरफ जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि एकनाथ शिंदे ने मूल शिवसेना से अलग हो कर अपनी पकड़ ढीली नहीं होने दी और आज वे मुंबई महानगर पालिका की 29 सीटें जीतकर मेयर पद के लिए भाजपा के साथ सौदेबाजी करने के लिए तैयार हैं।

(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)

# लाठी की दम पर भैंस बांधता अमेरिका

**वर्तमान समय में समूचा संसार कलह के दावानल के मध्य जीवन की भीख मांग रहा है। कहीं सबल देशों द्वारा स्वार्थ की बुनियाद पर स्वयं का शीशमहल खडा करने की आकांक्षा तले अपेक्षाकृत निर्बल देशों पर खुला अत्याचार किया जा रहा है तो कहीं पर्दे के पीछे बैठी मीरजाफरों की फौज से अशान्ति फैलवाई जा रही है। कहीं कट्टरता को हथियार बनाकर सौहार्द को नस्तनाबूद करने की कोशिशें हो रहीं है तो कहीं कट्टरता को सरलता में बदलने के चल रहे प्रयासों को दबाया जा रहा है। कहीं राष्ट्रीय सीमाओं के विस्तार हेतु आतंक का सहारा लिया जा रहा है तो कहीं आतंक को समाप्त करने की आड में स्वार्थपरिता ठहाके लगा रही है। इन सबके पीछे डीप स्टेट, छद्मवेशधारी समूह और सम्पन्न देश का संयुक्त षडयंत्र ही उत्तरदायी है जो विश्व सम्राट बनकर समूची धरती को अपने कदमों तले रौंदने की कल्पना पाले बैठा है। बांगलादेश में कट्टरता के लिए हत्यायें हो रहीं है तो ईरान में सरलता की मांग करने वालों की लाशें बिछाई जा रहीं हैं।**

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

नेपाल, श्रीलंका जैसे देशों के हालात बद् से बद्तर होते जा रहे हैं जबकि पाकिस्तान उधार लेकर घी पीने, बीमारी की हालत में भी पहलवान को धमकी और आतंक की फैक्ट्री चलने जैसी आदतों को निरंतर विस्तार दे रहा है। चीन, अमेरिका जैसे विस्तारवादी राष्ट्र अपने हथियारों, पैसों और बल के घमंड में अन्य देशों को अस्थिर करने में लगे हैं ताकि उनकी चुनौतियां पैदा होने से पहले ही मर जायें। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थायें पूरी तरह से मृतप्राय हो चुकीं हैं। विलायती संस्कृति के नूतन वर्ष में अमेरिका एक बार फिर लाठी की दम पर भैंस बांधने वाले अपने 37 वर्ष पुराना इतिहास को दोहरा चुका है। ड्रग्स और हथियारों की अवैध तस्करी का आरोप लगाकर अमेरिकी सेना ने ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व के दौरान वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को उनके ही बैडरूम से क्रूरतापूर्वक अगवा कर किया और न्यूयॉर्क ले गये। इसी तरह ड्रग तस्करी का आरोप लगाकर दिसम्बर 1989 में पनामा के मुखिया मैनुअल नोरिएगा को अमेरिका ने अगवा करवा लिया था। मादुरो की दयनीय हालत, प्रताडना का अमानवीय चेहरा और स्वयं की सामर्थ दिखाकर ग्रीनलैण्ड को गुलाम बनाना की दिशा में आगे बढते अमेरिका के सामने न्यायहित सीधी टक्कर लेने हेतु कोई भी राष्ट्र खडे होने का साहस नहीं कर पा रहा है। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, स्वीडन, नार्वे और नीदरलैण्ड ने संयुक्त रूप से 187 सैनिक भेजकर ग्रीनलैण्ड की सुरक्षा की रस्म अदायगी जरूर कर दी है। संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थायें तो छठवीं अगुली की तरह अप्रासांगिक हो चुकी है। शेर की तरह दहाडने वाले चीन, उत्तरी कोरिया और रूस जैसे राष्ट्र भी अब तक शब्दों से आगे की यात्रा पर नहीं निकले हैं। ग्रीनलैण्ड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ड तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों और ग्रीनलैंड पर अमेरिकी दबाव के कारण एक लाइव टीवी साक्षात्कार के दौरान भावुक होकर रो पड़ीं। मातृभूमि की स्वतंत्रता की दुहाई पर ग्रीनलैण्ड की सत्ता आज समूचे संसार से सहायता की भीख मांग रही है। वहीं दूसरी ओर भितरघाती मीरजाफर के चरित्र को आदर्श मानने वाली वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो ने अपने नोबेल शांति पुरस्कार 2025 को एक तानाशाह ट्रंप के हाथों में सौंपकर पुरस्कार देने वाली संस्था के निर्णय को ही कटघरे में खडा कर दिया। परतंत्रता को स्वाधीनता के रूप में स्वीकारने वाली विपक्षी नेता ने बेडियों को ही गहना मान लिया है। मालूम हो कि यह



पुरस्कार मारिया कोरीना मचाडो को वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव के लिए किये गये अथक प्रयासों हेतु दिया गया था। इस पुरस्कार के लिए उचित व्यक्ति का चयन नॉर्वे की संसद द्वारा चुनी गई नॉर्वेजियन नोबेल समिति द्वारा किया जाता है जो अल्फ्रेड नोबेल की वसीयत के अनुसार होता है। स्वार्थपरिता की चरमसीमा पर पहुंच चुकी मानसिकता के कारण आज तानाशाही से निजात दिलाने के नाम पर मिलने वाला पुरस्कार एक अन्य तानाशाह के कदमों में पहुंचकर दम तोड चुका है। उधार के सिंदूर से मांग भरने वाले ट्रंप का अहंकार भले ही इसे एक उपलब्धि मान संतुष्ट हो गया हो परन्तु वेनेजुएला को गुलाम बनाने में महती भूमिका निभाने वाले उस देश के विपक्ष ने अपने राष्ट्रीय इतिहास में एक काला पन्ना जोड लिया है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका के इशारों पर नाचने वाले मुहम्मद यूनुस को भी सन् 2006 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था जिसमें उनको गरीबों हेतु सूक्ष्म-ऋण उपलब्ध करवा के आर्थिक और सामाजिक विकास लाने हेतु कीर्तिमानी व्यक्ति माना गया था। इस संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो से प्रेरित होकर आने वाले समय में मुहम्मद यूनुस भी अपना नोबेल पुरस्कार अमेरिका के राष्ट्रपति को भेंट कर दें ताकि बांगलादेश को आदर्श राष्ट्र का दर्जा मिल सके। नोबेल समिति के अनुसार पुरस्कार का हस्तांतरण नहीं किया जा सकता। ऐसे में ट्रंप को विजेता का दर्जा नहीं बल्कि केवल मारिया कोरीना मचाडो वाला मेडल रखने का सुख ही मिल पायेगा। सफेदपोश अपराधी बनकर अमेरिका ने संसार में आतंक की नई परम्परा को एक बार फिर व्यवहार में लाना शुरू कर दिया है। अमेरिका ने दुनिया के सभी देशों में अपने घुसपैठिये, स्लीपर सेल और भितरघातियों की फौज तैयार कर रखी है जो अपने-अपने राष्ट्रों को अस्थिर करने में जुटी है। अनेक देशों की वंशवादी पार्टियां, परिवारवादी संस्थायें और जन्मजात नेतृत्व सम्हालने वाले लोगों की भीड भी स्वार्थ, सुख और सम्पन्नता की मृगमारीचिका के पीछे मीरजाफर बनाकर दौड रहीं हैं। अमेरिका जैसे देश अत्याधुनिक हथियारों, परमाणु शस्त्रों और नवीन तकनीक के साथ-साथ जैविक असलहे, साइबर वैपन, इलैक्ट्रानिक बुलेट जैसे अनगिनत घातक उपकरण मानव, मानवता और मूल्यों की हत्या करने की घातक तैयारी में जुटे हैं। लाशों पर राज्य करने की मंशा से जुटे राष्ट्रों को समय रहते रोकना होगा। इस हेतु भितरघातियों की पहचान करना बेहद जरूरी हो गया है अन्यथा वेनेजुएला की घटना और ग्रीनलैण्ड के हालात का विस्तार समूचे संसार में होते देर नहीं लगेगी। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

वंदे मातरम् की 150वीं जयंती

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस का भव्य आयोजन





**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में वंदे मातरम् की 150 वीं जयंती तथा महान स्वतंत्रता सेनानी, आज़ाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं प्रेरणादायी वातावरण में किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक एवं भावपूर्ण गायन से हुआ, जिसने उपस्थित सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं स्टाफ के मन में राष्ट्रभक्ति और गौरव की भावना का संचार किया। वंदे मातरम् के गायन के माध्यम से मातृभूमि के प्रति समर्पण और स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों को जीवंत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के अद्वितीय पराक्रम, साहस, अनुशासन एवं राष्ट्र के प्रति उनके निःस्वार्थ समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन संघर्ष, आत्मबल और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उनका यह विश्वास कि तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा आज भी देश की युवा पीढ़ी को त्याग और कर्तव्यपथ पर चलने की प्रेरणा देता है। प्राचार्य महोदया ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से नेताजी के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष शशिभूषण कन्नौजे द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संचालन में वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व, इसकी रचना की पृष्ठभूमि तथा स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका पर संक्षिप्त प्रकाश डालते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी विचारों और नेतृत्व क्षमता को रेखांकित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, तकनीशियन एवं कार्यालयीन स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय परिवार में देशभक्ति, राष्ट्रीय चेतना और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सुदृढ़ करना तथा स्वतंत्रता संग्राम के महान नायकों के योगदान से सभी को प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं एकता के संदेश के साथ हुआ, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक लता उसेंडी करेंगी ध्वजारोहण



**कोण्डागांव।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के विकास नगर स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोंडागांव विधायक लता उसेंडी ध्वजारोहण करेंगी। शनिवार को गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के तैयारियों का अंतिम रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने तैयारियों का जायजा लिया तथा सभी आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के अंतिम रिहर्सल में मुख्य अतिथि की भूमिका में अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर रहे। इस दौरान परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक सतीश भार्गव और सेकेंड इन कमांड एएसआई दिनेश कुमार डहरिया के नेतृत्व में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की 29वीं और 41वीं बटालियन, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस, बस्तर फाईटर और नगर सेना की पुरुष और महिला दल, एनसीसी और एनएसएस के बालक और बालिका दल की टुकड़ियों मार्चपास्ट का अंतिम अभ्यास किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के द्वारा व्यायाम और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अभ्यास भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# पीएम श्री योजना के अंतर्गत बैगलेस डे पर 21वीं सदी कौशल कार्यशालाओं का आयोजन



**कोण्डागांव।** पीएम श्री विद्यालय योजना के अंतर्गत आज विद्यालय में 'बैगलेस डे' के अवसर पर 21वीं सदी के कौशल एवं सूचना कौशल को बढ़ावा देने हेतु एक दिवसीय शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, कौशल आधारित सीख तथा अनुभवात्मक अधिगम को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए तीन विशेष कार्यशाला आयोजित की गई चित्रकला, बेल मेटल आर्ट एवं बाँस कला। विद्यार्थियों ने अपनी रुचि के अनुसार किसी एक कार्यशाला में भाग लिया और पूरे दिन उस कला से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल सीखा। कार्यक्रम का समन्वयन विनायक कोहली तथा अक्षय आर्य द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक पुस्तकीय शिक्षा से हटकर कौशल आधारित एवं आनंददायक सीख के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य नंदकिशोर वासनिक ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि बैगलेस डे जैसी पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप हैं और विद्यार्थियों को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के लिए तैयार करती हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए समस्त शिक्षकों, समन्वयक एवं विद्यार्थियों की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सीखने को एक आनंददायक अनुभव के रूप में महसूस किया। यह आयोजन विद्यालय में नवाचार, रचनात्मकता एवं कौशल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

# बीजापुर जिला प्रशासन पीड़ितों को पानी और बिजली से वंचित कर मौलिक अधिकारों का उल्लंघन कर रही है : विक्रम मंडावी

■ बुलडोजर कार्यवाही के विरोध में पीड़ितों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन





**बीजापुर।** तहसीलदार बीजापुर और नगरपालिका बीजापुर के द्वारा बीते 16 एवं 17 जनवरी को लगभग 130 मकानों को बुलडोजर से बर्बरता पूर्वक तोड़ कर नष्ट करने के विरोध में शुक्रवार को बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के आह्वान पर पीड़ितों ने बीजापुर नगर में एक दिवसीय पद यात्रा और धरना प्रदर्शन कर तहसील कार्यालय बीजापुर का घेराव किया है। धरना प्रदर्शन के दौरान पीड़ितों ने भाजपा के डबल इंजन की सरकार, जिला प्रशासन और नगरपालिका के बर्बरतापूर्वक बोलडोजर कार्यवाही को अमानवीय बताते हुए जमकर नारेबाज़ी की और पीड़ितों के साथ विधायक विक्रम मंडावी ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में पीड़ितों ने कहा है कि नगरपालिका बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक- 12 के चट्टानपारा में (नया बस स्टैण्ट के पीछे आजाद नगर) दिनांक 16/01/2026 को प्रातः 09:00 बजे से राजस्व विभाग एवं नगरपालिका के अधिकारी/ कर्मचारियों के द्वारा बुलडोजरों से लगभग 130 घरों को तोड़-फोड़ कर गिरा दिया गया। इस कार्यवाही को करने से पहले किसी भी प्रकार की कोई सूचना नही दी गई और घरों को तोडते समय राजस्व विभाग/ नगरपालिका के द्वारा अपने घरों से समान तक निकालने नही दिया गया जिससे घरों के साथ-साथ दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले सामग्रीयों का बहुत ही नुकसान हुआ है। घरों को तोडे जाने से गरीब परिवार बच्चों सहित बेघर हो गए हैं और वर्तमान में हम खुले आसमान में अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। प्रभावित परिवारों में कई ऐसे परिवार है जो नक्सल पीड़ित, आत्मसमर्पित नक्सली, होमगार्ड एवं पुलिस विभाग से जुडे हुए कई पुलिस के जवान है। इसलिए मांग है कि 1. प्रभावित परिवारों को वार्ड क्रमांक- 12 चट्टानपारा (नया बस स्टैण्ड के पीछे आजाद नगर) में पुनः स्थापित किया जाए। 2. प्रभावित परिवारों को बुनियादी सुविधाएं जैसे- पानी, बिजली, सड़क दिया जाए।3. प्रभावित परिवारों के टुटे हुए मकानों का एवं दैनिक उपयोग की सामाग्री का जो नुकसान हुआ है उसका मुआवजा दिया जाए। 4. शांतिनगर, राऊतपारा, बस-स्टेण्ड के पीछे और अटल- आवास के बाजू में बसे लोगों पर भविष्य में अतिक्रमण के नाम से घरों को नही तोड़ा जाये। वहीं पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे बीजापुर के विधायक ने कहा कि जिला प्रशासन चट्टानपारा के पीड़ितों को पानी और बिजली जैसे मूलभूत सुविधाओं को जानबूझकर बंद कर रही है। यदि सरकार और प्रशासन का यही रवैया रहा तो आम नागरिक कहां जाएँगे? उन्होंने आगे कहा कि प्रशासन पीड़ितों को पुनः उसी चट्टानपारा में स्थापित करे और इनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करते हुए वे सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाए। विधायक विक्रम मंडावी ने पीड़ितों के पुनः स्थापना को लेकर पीड़ितों के 20 सदस्यीय कमेटी का गठन भी किया है जो आगे प्रशासन के समक्ष वार्ता करेगी। विदित हो कि इस पद यात्रा में सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी और छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस (जे) के बस्तर संभाग उपाध्यक्ष विजय झाड़ी ने भी समर्थन दिया और इस पूरे पदयात्रा में शामिल रहे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता बसंतराव ताटी, नीना रावतीया उद्दे, कमलेश कारम, दिनेश पुजारी, जितेंद्र हेमला, प्रवीण डोंगरे, पुरुषोत्तम सल्लूर, एजाज खान, कामेश मोरला, लक्ष्मण कड़ती, बाबू लाल राठी, जगदीश चापड़ी, शंकर गटपल्ली माडवी गंगा, मगराज खत्री, राजू कुड़ियम, सूर्यकांत गांधरला, सुरेश जुमार, नागेश कोरसा समेत बड़ी संख्या में पीड़ित परिवार और नगरवासी सम्मिलित थे।

# पुत्र, पुत्री जीवन वृत्त कलाकृतियों से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे



**कोण्डागांव।** विश्वविख्यात सिद्धहस्त राज्य पुरस्कार विजेता लौह हस्तशिल्प स्वर्गीय तातीराम विश्वकर्मा के कनिष्ठ सुपुत्र अनिल विश्वकर्मा तथा सुपुत्री हेमलता विश्वकर्मा क्रमशः पारंपरिक लौह हस्तशिल्प तथा परंपरागत लौकी हस्तशिल्प से अपने पिता के जीवन वृत्त तथा कोंडागांव पारंपरिक लौह हस्तशिल्प तथा लौकी हस्तशिल्प में उनके अनुपम योगदान को दर्शाते हुए कलाकृतियां निर्मित कर रहे हैं। उल्लेखनीय है, कि विगत माह दिसम्बर 2025 में लंबे समय से व्याधिग्रस्त तातीराम विश्वकर्मा का निधन ग्राम किड़ईछेपड़ा में हुआ है । जिनकी प्रेरणा तथा मार्गदर्शन में उनकी धर्मपत्नी तथा पुत्र पुत्रियों पुत्रवधू नाती ने पारंपरिक लौह हस्तशिल्प तथा परंपरागत लौकी हस्तशिल्प में सिद्धहस्त प्राप्त कर लिया है य तथा ज्येष्ठ सुपुत्रों सुनील विश्वकर्मा ने राज्य पुरस्कार विजेता तथा अनिल विश्वकर्मा ने जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गौरव प्राप्त किया । प्रत्येक वर्ष माह फरवरी में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा हस्तशिल्प तथा हथकरघा के प्रोत्साहन करने के लिए श्जगारश् पंद्रह दिन का मेला आयोजित किया जाता है। जिसमें राज्य के प्रतियोगिता से चयनित हस्तशिल्पियों को राज्य पुरस्कार विजेता घोषित किया जाता है। पने पिता तातीराम विश्वकर्मा को श्रद्धांजलि देने हेतु पुत्र पुत्रियों पुत्रवधू धर्मपत्नी तथा नाती के द्वारा अपनी प्रवृत्ति उनके जीवन वृत्त तथा उनके योगदान व उपलब्धियों को दर्शाते हुए प्रस्तुत किये जा रहे हैं।

# एएमएनएस किरन्दुल के सहयोग से बंगाली कैंप तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, मिलेगी आधुनिक सुविधाएं



**किरंदुल।** किरंदुल नगर के बंगाली कैंप में स्थित तालाब के सौंदर्यकरण की मांग नगरवासियों द्वारा लंबे समय से की जा रही थी।यह क्षेत्र का एकमात्र बड़ा सार्वजनिक तालाब है,जहाँ प्रतिवर्ष भगवान गणेश एवं माँ दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता हैं,इसके अलावा मुंडन संस्कार सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम भी इसी तालाब परिसर में संपन्न होते हैं।नगरवासियों की इस महत्वपूर्ण मांग को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने एएमएनएस के महाप्रबंधक वाई वी राघवेलू एवं प्रोजेक्ट हेड कल्याण से मुलाकात कर तालाब के सौंदर्यकरण एवं विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की।चर्चा के उपरांत ए.एम.एन.एस. प्रबंधन द्वारा बंगाली कैंप तालाब के सौंदर्यकरण कार्य हेतु सहमति प्रदान की गई। इसी क्रम में दिनांक 23 जनवरी शुक्रवार क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी, नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह, वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर, एएमएनएस के महाप्रबंधक राघवेलु, तेज प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों ने तालाब स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तालाब के सौंदर्यकरण के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की सुविधा विकसित किए जाने की जानकारी दी गई। निरीक्षण के उपरांत विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि बंगाली कैंप स्थित तालाब का सौंदर्यकरण कार्य प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि विधायक निधि से तालाब के समीप स्थित हनुमान मंदिर के पास बोरिंग की व्यवस्था की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को पेयजल सुविधा मिल सकेगी। इस महत्वपूर्ण पहल पर वार्ड पार्षद देवकी ठाकुर ने क्षेत्रीय विधायक,नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं एएमएनएस प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हाई स्कूल कोड़ेनार क्रमांक 1 में नेताजी की जयंती तथा सरस्वती पूजन की गई,विधायक हुए शामिल



**किरंदुल।** किरन्दुल गजराज कैम्प स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ेनार क्रमांक 01 में शुक्रवार नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयन्ती एवं माता सरस्वती पूजन का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर शिक्षकों ने छात्रों को नेताजी के जीवनी एवम देश की आज़ादी के लिए दिए गए उनके अतुलनीय योगदान के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी शामिल हुए।इस दौरान विधायक ने कक्षा 10 वीं की टॉपर छात्रा मीनाक्षी रावटे को इसरो बैंगलोर जाने पर प्रेरणा देते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवम प्रोत्साहन स्वरूप अपने तरफ से 1000 रु नगद भेंट किया। इसके अलावा मौके पर सरस्वती साईकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को विधायक द्वारा साईकिल का वितरण किया गया। मौके पर किरन्दुल पालिकाध्यक्ष रूबी शैलेंद्र सिंह, पार्षद यशोदा चुन्नम, प्राचार्या उमा ठाकुर,अन्य अतिथिगण एवम स्कूली बच्चें उपस्थित रहें।

# बंसत पंचमी धूमधाम से मनाया गया



**नारायणपुर।** शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला बंगलापारा नारायणपुर में बंसत पंचमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ बीना खोबरागड़े ने बताया कि आयुर्वेद में बंसत ऋतु एक महत्वपूर्ण मौसमी परिवर्तन का प्रतीक है जो नवजीवन और विकास का संकेत देती है। इस दौरान स्वाभाविक रूप से कफ दोष बढ़ता है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आयुर्वेद खान-पान और जीवनशैली में ऋतु अनुसार आवश्यक बदलाव करना आवश्यक है। प्रधान अध्यापक ब्रजेश्वरी रावटे ने भी छात्र/छात्राओं को बंसत पंचमी के बारे में विस्तार से बताया कि बंसत ऋतु और आयुर्वेद का गहरा संबंध है।इस ऋतु में मौसम सुहावना हो जाता है और चारों ओर हरियाली छा जाती है। पेड़ पौधे नए पत्ते और फूलों से सज जाते हैं। जिससे वातावरण में खुशबू फैल जाती है। चारों तरफ वातावरण बदल जाता है। बंसत ऋतु को नई शुरुआत और उत्साह का प्रतीक माना जाता है। विजय लक्ष्मी गुर्जर ने बच्चों को सरस्वती पूजन एवं बौद्धिक क्षमता को कैसे बढ़ाना है। और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना है विस्तार से जानकारी दी।चेतमणी नंदी, लक्ष्मी यादव, अंजलि ने सभी बच्चों एवं पालकों के लिए खिचड़ी एवं सब्जी बना कर खिलाया। आयुष विभाग नारायणपुर द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन आयुर्विधा कार्यक्रम बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम रखा। जिसमें क्विज प्रतियोगिता में प्रथम भूमिका कचलाम, द्वितीय सोनल निषाद, तृतीय कमला कावड़े ने स्थान बनाया। औषधि पौधों की पहचान में आसवती,संजना, कल्पना ने अपना स्थान बनाया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक चन्द्र शेखर पाठक, संगीता ठाकुर, लखेश्वरी यादव,अमरवती यादव एवं पालकगण उपस्थित थे।

# उद्घाटन के एक हफ्ते बाद ही 'प्रधानमंत्री जनमन मेडिकल यूनिट' एम्बुलेंस में लगी आग, बड़ी लापरवाही आई सामने






**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब नवनिर्मित और हाल ही में शुरू की गई 'प्रधानमंत्री जनमन मेडिकल यूनिट' एम्बुलेंस धू-धू कर जल उठी। घटना शनिवार शाम करीब 4:30 बजे की है, जब एम्बुलेंस ग्राम पंचायत परवी व उस क्षेत्र के गांवों से ड्यूटी कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर वापस लौटी थी। जानकारी के अनुसार विधायक सावित्री मंडावी ने बीते 16 जनवरी को ही इस अत्याधुनिक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस यूनिट में डॉक्टर, लैब टेक्निशियन और स्टाफ नर्स के साथ विभिन्न जांच सुविधाओं की व्यवस्था थी। शनिवार शाम जैसे ही गाड़ी अस्पताल के गेट पर पहुंची, उसमें अचानक आग लग गई। देखते ही देखते धुएं का गुबार उठने लगा और अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई।

## ड्राइवर की सूझबूझ और एक्सपायरी यंत्रों का खेल

आग लगने के तुरंत बाद चालक ने साहस दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। स्थानीय लोगों और स्टाफ की मदद से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की एक बड़ी लापरवाही भी उजागर हुई। जब अस्पताल से अग्निशामक यंत्र लाए गए, तो पता चला कि वे एक्सपायरी डेट के थे, जिससे आग बुझाने में काफी बाधा आई।

## सुरक्षा और गुणवत्ता पर खड़े हुए बड़े सवाल

महज एक सप्ताह पहले शुरू हुई नई एम्बुलेंस में आग लगना गाड़ी की गुणवत्ता और रखरखाव पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। तकनीकी खराबी क्या नई गाड़ी में वायरिंग या इंजन की कोई बड़ी खामी थी? अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर एक्सपायरी अग्निशामक यंत्रों का होना मरीजों की जान से खिलवाड़ क्यों है? गनीमत रही कि आग उस वक्त लगी जब मरीज गाड़ी के भीतर नहीं थे, वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल कर रख दी है।

# 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में सांसद महेश कश्यप होंगे मुख्य अतिथि



**नारायणपुर।** जिले में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप होंगे। जिला स्तर पर बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 09:00 बजे ध्वज फहराया जाएगा एवं राष्ट्रगान का सामूहिक गायन होगा। इसके पश्चात प्रातः 09:05 बजे परेड का निरीक्षण किया जाएगा तथा हर्ष फायर किया जाएगा। प्रातः 09:10 बजे परेड का मार्चपास्ट संपन्न होगा। प्रातः 09:25 बजे जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा एवं हर्ष सूचक गुब्बारे छोड़े जाएंगे। इसके उपरांत प्रातः 09:50 बजे परेड का निष्क्रमण किया जाएगा, जिसके बाद परेड दलों के प्रभारियों से परिचय प्राप्त कर फोटो सेशन आयोजित होगा। प्रातः 10:00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा शहीद परिवारों का सम्मान किया जाएगा। प्रातः 10:10 बजे स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 10:35 बजे राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विभागीय झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बंशीताल में एनएसएस शिविर में सांस्कृतिक संध्या, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की रही भव्य सहभागिता




गौरैला पेंड्रा मरवाही जिले के मरवाही विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बंशीताल में आयोजित सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला, जहां सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह शिविर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय मरवाही एवं पीएम श्री सेजेस, स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मरवाही के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में जनपद सदस्य गायत्री गणेश मार्को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि ग्राम पंचायत बंशीताल की सरपंच पिंकी देवेंद्र श्याम सहित जिला पंचायत सदस्यों और शिक्षा जगत से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस के विभिन्न स्वयंसेवक समूहों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीत, नृत्य, नाट्य प्रस्तुतियों और सामाजिक संदेशों से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से नशामुक्ति, स्वच्छता, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक दायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। सांस्कृतिक संध्या की एक विशेष झलक तब देखने को मिली, जब ग्राम की माध्यमिक एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भी मंच पर अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। इससे विद्यालय, महाविद्यालय और ग्राम समाज के बीच आपसी समन्वय और सहभागिता का सुंदर उदाहरण सामने आया। दर्शकों ने तालियों की गूंज के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे शिविर विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, विद्यार्थियों और सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त किया। सात दिवसीय एनएसएस शिविर के अंतर्गत आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या ग्राम पंचायत बंशीताल के लिए एक यादगार आयोजन बनकर उभरी है।

### जिला कार्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**बिलासपुर।** जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। अपर कलेक्टर श्री एस.एस.दुबे ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम मेरा भारत, मेरा वोट रहा, जिसकी टैगलाइन ''इंडियन सिटीजन एट द हार्ट ऑफइंडियन डेमोक्रेसी थी। सभी ने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इस अवसर पर जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### राजीव युवा उत्थान योजना यूपीएससी परीक्षा की कोचिंग हेतु चयनित विद्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलावा

**बिलासपुर।** राजीव युवा उत्थान योजना अंतर्गत सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को कोचिंग प्रदान करने हेतु 28 दिसम्बर को प्राक्कयन परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा उपरांत मेरिट सूची विभागीय वेबसाईट में अपलोड कर दी गई है। मेरिट सूची के आधार पर दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किये जाने वाले वर्गवार अभ्यर्थियों की सूची एवं कार्यक्रम का विवरण विभागीय वेबसाईट 222.ह्वह्वड्डड्डय़.ष्द्द.द्दश1.द्बठ्ठ पर अवलोकन किया जा सकता है। दस्तावेज सत्यापन के लिए चयनित अभ्यर्थियों को मूल अभिलेख सहित निर्धारित तिथि एवं समय में मुख्यालय इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर स्थित मीटिंग हॉल क्र 4, तृतीय तल में उपस्थित होना होगा। अनुपस्थित अभ्यर्थी एवं अपूर्ण अभिलेखों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय उपरांत दस्तावेज सत्यापन नहीं किया जाएगा

हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

# पुलिस परेड ग्राउन्ड में हुआ आज फुल ड्रेस रिहर्सल

### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय करेंगे ध्वजारोहण



**बिलासपुर।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल आज सवेरे पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया। फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमाण्डों से परिचय, पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का रिहर्सल किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। आईजी श्री रामगोपाल गर्ग भी मौजूद थे।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह ने अंतिम रिहर्सल का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्कूली बच्चों ने इस अवसर पर देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी। आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। तेरह टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट कर अनुशासन का परिचय दिया। समारोह में छत्तीसगढ़ के विकास की झलक दिखाती विभागीय झांकी भी लोगों को देखने को मिलेगी। बेहतर कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्य समारोह का संचालन हमेशा की तरह व्याख्याता द्वय सौरभ सक्सेना और मुकुल शर्मा करेंगे। अंतिम रिहर्सल को देखने बड़ी संख्या में शहर के नागरिक, छात्र-छात्राएं, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।


### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय बिलासपुर में फहराएंगे तिरंगा

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय संभागीय मुख्यालय बिलासपुर के पुलिस परेड मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में तिरंगा झंडा फहराएंगे। वे राज्य की जनता के नाम संदेश वाचन के साथ ही परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तमाम तैयारियां जिला प्रशासन द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं। समारोह स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के लिए जारी मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार मुख्य समारोह में प्रातः 8.59 बजे मुख्य अतिथि श्री विष्णु देव साय का आगमन होगा। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, राष्ट्रगान होगा। प्रातः 9.03 बजे मुख्यमंत्री द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। प्रातः 9.06 बजे हर्ष फायर एवं प्रातः 9.13 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। प्रातः 9.18 बजे मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की जनता के नाम संदेश का वाचन होगा। प्रातः 9.39 बजे परेड निष्क्रमण की कार्यवाही एवं इसके पश्चात प्रातः 9.48 बजे स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रातः 10.20 बजे शासकीय विभागों की झांकी निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 10.57 बजे जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा तथा 11.15 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है। समारोह में विभागों द्वारा आकर्षक झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सम्मानित करेंगे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले में होंगे विविध जागरूकता कार्यक्रम

### जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर में

**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस जिले में उत्साह से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर में मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीममाई इंडिया माई वोट (मेरा भारत, मेरा वोट) निर्धारित की गई है, जिसकी टैगलाइन इंडियन सिटीजन एट द हार्ट ऑफइंडियन डेमोक्रेसी है। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संभाग आयुक्त श्री सुनील जैन व बिलासपुर आईजी श्री रामगोपाल गर्ग होंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम के अनुरूप कार्यक्रमों के माध्यम से लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी को और सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर मतदाता शपथ दिलाई जाएगी, मतदाता जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों, शिक्षण संस्थानों एवं


राष्ट्रीय मतदाता दिवस
के अवसर पर
मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ
''हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे''।

संबंधित संगठनों के सहयोग से जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सहड्ड्ष्2026 हैशटैग के साथ मतदाता शपथ को साझा करें। इस आयोजन का उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना है।

## पराक्रम दिवस पर स्काउट-गाइड्स ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को किया नमन

**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ, बिलासपुर द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में नेताजी के राष्ट्रवादी विचारों, अद्वितीय नेतृत्व क्षमता, ओजस्वी व्यक्तित्व एवं देशभक्ति से परिपूर्ण जीवन संघर्ष को स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस साहस, वीरता और पराक्रम के प्रतीक थे, जिनका जीवन युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर उपस्थित




स्काउटदृगाइड, रोवरदृरेंजर सदस्यों ने नेताजी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्रसेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय टांडे, ए.पी.सी., समग्र शिक्षा श्रीमती आरती राय, खण्ड लिपिक श्री सुनील यादव, जिला सचिव सुश्री लता यादव, जिला संगठन आयुक्त स्काउट श्री महेंद्र बाबू टंडन, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट श्री संतोष कुमार त्रिपाठी, स्काउट मास्टर विकास लहरे, रोवर लीडर श्री सूर्यकांत खूंटे सहित जिले के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं पदाधिकारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रजत महोत्सव के अवसर पर पेंशन एवं वेतन निर्धारण निराकरण हेतु विशेष कैम्प, 27 से 29 जनवरी तक बिलासपुर में आयोजन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने (रजत महोत्सव) के अवसर पर, वित्त विभाग के निर्देशानुसार एवं संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर संभाग श्री नित्यानंद सिन्हा के मार्गदर्शन में, जिला बिलासपुर में लंबित पेंशन एवं वेतन निर्धारण प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष कैम्प दिनांक 27 जनवरी 2026 से 29 जनवरी 2026 तक कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर में आयोजित किया जाएगा। कैम्प का उद्देश्य सेवानिवृत्त एवं सेवारत कर्मचारियों से संबंधित लंबित पेंशन एवं वेतन निर्धारण प्रकरणों का त्वरित, सरल एवं प्रभावी निराकरण करना है। इस संबंध में वरिष्ठ कोषालय अधिकारी, जिला कोषालय बिलासपुर श्री बसंत गुलेरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिलासपुर के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डीडीओ) को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने कार्यालयों में लंबित पेंशन एवं वेतन निर्धारण प्रकरणों से संबंधित कर्मचारी/पेंशनर को व्यक्तिगत रूप से सूचित करते हुए, निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पूर्ण दस्तावेजों सहित कैम्प में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस विशेष कैम्प के माध्यम से पेंशनरों एवं कर्मचारियों को शीघ्र राहत प्रदान करने के साथ-साथ प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले आयुष साहू को राज्यपाल के हाथों मिला सम्मान

**रामानुजनगर**-छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2025 की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले मेधावी छात्र आयुष साहू को राजधानी रायपुर स्थित लोक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता तथा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की विशेष उपस्थिति में प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान प्रदान किया गया। लोक भवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम् में आयोजित इस समारोह में वर्ष 2024 एवं 2025 के टॉप 10 मेधावी विद्यार्थियों तथा विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के टॉप 10 विद्यार्थियों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेधावी छात्र प्रोत्साहन योजना के तहत सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर के सैकड़ों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सूरजपुर जिले के प्रेमनगर निवासी आयुष साहू, जो वर्तमान में शासकीय आवासीय प्रयास हाई स्कूल जशपुर में अध्ययनरत हैं, ने छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य की प्रावीण्य सूची में 9वां स्थान प्राप्त किया था। उनकी इस उपलब्धि से सूरजपुर जिले सहित पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है। समारोह में आयुष साहू को माननीय



राज्यपाल महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल भी प्रदान किए गए। आयुष साहू के पिता कृष्णा साहू एवं माता कमला साहू ने बेटे की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे कठिन परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया।आयुष की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। साहू समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। यह उपलब्धि न केवल परिवार बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

- लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए करें 100 प्रतिशत मतदान- संभागायुक्त
- उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित, दिलाई मतदाता शपथ

**बिलासपुर।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन आज जिला प्रशासन द्वारा कोनी स्थित बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल कृषि महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभाग आयुक्त श्री सुनील जैन और बिलासपुर पुलिस महानिरीक्षक श्री राम गोपाल गर्ग मौजूद रहे। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई और निर्वाचन कार्य ,स्वीप और एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। संभाग आयुक्त श्री सुनील जैन ने इस अवसर पर कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए हमें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है




और लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत प्रतिशत मतदान होना चाहिए। बिलासपुर के नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक श्री राम गोपाल गर्ग ने युवाओं से अपील की कि सभी अपने मताधिकार का उपयोगअवश्य करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक श्री रजनेश सिंह ने कहा कि हम सबके लिए यह गर्व की बात है कि हम भारत जैसे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में रहते हैं जहां सभी के मतदान का समान मूल्य है ऐसे में हम सबक दायित्व है कि हम अपने मत का उपयोग कर लोकतंत्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिव बनर्जी ने इस अवसर पर निर्वाचन गतिविधियों और स्वीप कार्यक्रमों की जानकारी दी उन्होंने बताया कि जिले में इस वर्ष 28 हजार नए मतदाता जुड़े हैं।

### मतदाता जागरूकता शपथ

संभाग आयुक्त श्री सुनील जैन ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं युवा मतदाताओं को देश की लोकतांत्रिक परंपरा बनाए रखने और निर्भिक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

कार्यक्रम में एसआईआर, मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, सुपरवाइजर, पंजीयन अधिकारियों व निर्वाचन संबंधी कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार प्रसार में भूमिका के लिए जन संपर्क विभाग को सम्मानित किया गया। महाविद्यालयीन और स्कूली छात्रों द्वारा मतदाता जागरूक्ता से संबंधित गानों, नुक्कड़ नाटक और नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर श्री प्रकाश सर्वे, सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप अग्रवाल,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शिव कुमार बनर्जी, कृषि महाविद्यालय के डीन श्री एन. के. चौरे सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य समन्वयक श्री मनोज सिन्हा, निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिले में होंगे विविध जागरूकता कार्यक्रम

**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस जिले में उत्साह से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर में मतदाता जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीममाई इंडिया माई वोट (मेरा भारत, मेरा वोट) निर्धारित की गई है, जिसकी टैगलाइन इंडियन सिटीजन एट द हार्ट ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी है। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे से कृषि विज्ञान केंद्र बिलासपुर में किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संभाग आयुक्त श्री सुनील जैन व बिलासपुर आईजी श्री रामगोपाल गर्ग होंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम के अनुरूप कार्यक्रमों के माध्यम से लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी को और सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर मतदाता शपथ दिलाई जाएगी, मतदाता जागरूकता के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को कार्यक्रम में सम्मानित भी किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न शासकीय विभागों, शिक्षण संस्थानों एवं संबंधित संगठनों के सहयोग से जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जाएँगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने सभी विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफॅार्म पर सहड्ड्ष्2026 हैशटैग के साथ मतदाता शपथ को साझा करें।

# 26 जनवरी को क्यों मनाते हैं गणतंत्र दिवस?

भारत के लोकतंत्र की नींव हमारा संविधान है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, जिसे तैयार करने में 2 साल, 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। इसके बाद 26 नवंबर 1949 को यह बनकर तैयार हुआ। ऐसे में अक्सर एक दिलचस्प सवाल लोगों के मन में उठता है कि जब हमारा संविधान 26 नवंबर को बनकर तैयार हो गया था, तो इसे लागू करने के लिए 26 जनवरी का इंतजार क्यों किया गया? इस सवाल का जवाब जानने के लिए आपको भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली इतिहास की एक घटना के बारे में जानना होगा। आइए जानें क्यों हमारा संविधान 26 जनवरी को लागू किया गया।



इस कहानी की शुरुआत संविधान बनने से 20 साल पहले, यानी 1929 में होती है। उस समय लाहौर में इंडियन नेशनल कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था, जिसकी अध्यक्षता पंडित जवाहरलाल नेहरू कर रहे थे। इसी अधिवेशन में कांग्रेस ने पहली बार अंग्रेजों से डोमिनियन स्टेटस यानी अर्ध-स्वतंत्रता की मांग छोड़कर 'पूर्ण स्वराज' का संकल्प लिया था। पहला स्वतंत्रता दिवस: 26 जनवरी 1930 लाहौर अधिवेशन में यह निर्णय लिया गया कि 26 जनवरी 1930 को पूरे देश में 'स्वतंत्रता दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। उस दिन भारतीयों ने पहली बार तिरंगा फहराया और अंग्रेजों की गुलामी से आजाद होने की शपथ ली। 1930 से लेकर 1947 तक, हर साल 26 जनवरी को ही भारत के प्रतीकात्मक स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता रहा।

## 15 अगस्त और 26 जनवरी का कॉर्डिनेशन

जब 1947 में भारत असल में आजाद हुआ, तो वह तारीख 15 अगस्त थी। इसलिए इस दिन को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन संविधान निर्माताओं, खासकर पंडित नेहरू और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के मन में उस 26 जनवरी की तारीख के प्रति गहरा सम्मान था, जिसने दो दशकों तक भारतीयों में आजादी की अलख जगाए रखी थी। वे नहीं चाहते थे कि 26 जनवरी जैसी ऐतिहासिक तिथि इतिहास के पन्नों में कहीं खो जाए। इसलिए, यह तय किया गया कि भले ही संविधान 26 नवंबर 1949 (संविधान दिवस) को तैयार हो गया है, लेकिन इसे आधिकारिक रूप से 26 जनवरी 1950 को लागू किया जाएगा, ताकि इस दिन को 'गणतंत्र दिवस' के रूप में हमेशा के लिए अमर कर दिया जाए। इसलिए 26 जनवरी को भारत का संविधान लागू किया गया और हमारा देश गणतंत्र बना। तब से हर साल 26 जनवरी को बड़ी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया जाता है।



# रिसेप्शन पार्टी में छाएगा सिर्फ आपके ही लुक का जादू

शादी से बाद होने वाली रिसेप्शन पार्टी में महिलाएं रॉयल लुक चाहती हैं और इस इस खास मौके पर ज्यादातर महिलाएं लहंगा या साड़ी वियर करती हैं। लेकिन, अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती है कि आपका लुक रॉयल नजर आए तो आप इस खास मौके पर फ्रॉक सूट स्टाइल कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको खूबसूरत डिजाइंस वाले फ्रॉक सूट दिखा रहे हैं जो आप रिसेप्शन पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं।



### थेड वर्क फ्रॉक सूट

रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह के फ्रॉक सूट का चुनाव कर सकती हैं। थ्रेड वर्क सूट स्टाइलिश और खूबसूरत लुक पाने के लिए बेस्ट है। वहीं फैशन ट्रेंड के अनुसार, इस तरह के आउटफिट आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे

### एम्ब्रॉयडरी वर्क फ्रॉक सूट

गर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह का फ्रॉक सूट इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रायडरी वर्क सूट के साथ ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप फ्लोरल प्रिंट या एम्ब्रॉयडरी वर्क वाला दुप्पटा स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आप इस तरह का फ्रॉक सूट भी रिसेप्शन पार्टी में स्टाइल लुक पाने के लिए बेस्ट है।

### चंदेरी फ्रॉक सूट

रिसेप्शन पार्टी में रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह के सूट का चुनाव कर सकती हैं और इस तरह के सूट में आपका लुक बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। यह फ्रॉक सूट आपको आसानी से 3,000 से 6,000 रुपये की कीमत में बाजार या ऑनलाइन प्लेटफार्म से खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप सिंपल ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं। रिसेप्शन पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने आप इस तरह का सूट भी स्टाइल सकती हैं जो खूबसूरत नजर आने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है।

# "हम सोते हैं, वो जागते हैं"



वो सीमा के दीपक थे, सरहद की रक्षा खातिर,
मिट गए, फिर भी चेहरे पर शिकन तक ना दिखी।
घर भी था, आँगन भी था, माँ की ममता साथ थी,
फिर भी तिरंगे के आगे हर खुशी बिसरा गए।

कभी बिटिया की हँसी याद, कभी माँ की आँखें,
कभी पत्नी का स्नेहिल स्पर्श साँसों में धुला रहता होगा।
सीने में कितने तूफ़ान, लबों पर चुप्पी रहती,
देश पुकारे जब एक बार, सब भावनाएँ सो जाती।

हम सोते हैं चैन की नींद, वो जागते रहते हैं,
हम दीये जलाते घर में, वो आग में जलते रहते हैं।
हम हँसते हैं त्योहारों में, वो खून बहाते हैं,
हम जश्न मनाते आज़ादी का, वो जान लुटाते हैं।

सर्दी, गर्मी, बारिश, आँधी - सब कुछ सह जाते हैं,
सीमा पर खड़े रहकर वो भारत को बचाते हैं।
ना तन की परवाह उन्हें, ना जीवन की फ़िक्र,
मौत से आँख मिलाकर भी वो मुस्कुरा जाते हैं।

याद तो आती होगी उन्हें भी अपने गाँव की,
पर वर्दी पहनते ही वो कसम निभाते हैं।
दिल रोता होगा अंदर से, पर होंठ नहीं काँपते,
तिरंगे के लिए हर आँसू छुपा जाते हैं।

जब ताबूत में लिपटकर वो घर वापस आते हैं,
तब माँ के आँचल में सारे सावन बरस जाते हैं।
पूरा देश सिर झुकाकर चुपचाप खड़ा होता है,
एक जांबाज शहीद होता है ,तब भारत और बड़ा होता है।
हम सोते हैं चैन की नींद,वो जागते रहते हैं,हम घर में सुरक्षित हैं,वो सरहद पर रहते हैं। हमारी हर सांस में उनका बलिदान बसा है,हर तिरंगे की लहर में उनका सम्मान बसा है।

सलाम तुम्हें ऐ सीमा के दीपकों, ये धरती तुम्हारी है,
हम ज़िंदा हैं तुम्हारे दम पर, ये आज़ादी तुम्हारी है।

— मंजू लोढ़ा (स्वरचित)

# सर्दियों में आपके पैर नजर आ रहे हैं ड्राई

## तो इन नुस्खों को करें ट्राई

सर्दी का मौसम में त्वचा की नमी कम होने लगती है। इसकी वजह से पैरों की स्किन ड्राई हो जाती है। इसकी वजह से पैर खराब और डल नजर आते हैं। ऐसे में हम कोशिश करते हैं कि पैरों को कवर करके रखें। साथ ही, पार्लर जाकर पैडिक्योर करवाएं। लेकिन इससे भी स्किन में नमी कुछ ही समय के लिए रहती है। ऐसे में आप असरदार घरेलू नुस्खों को ट्राई करें। इससे स्किन साफ और सॉफ्ट नजर आएगी।





### फुट मास्क को करें अप्लाई

पैरों को ड्राई और साफ रखना है, तो इसके लिए आप फुट मास्क को अप्लाई करें। इसे लगाने से आपके पैर आपके सॉफ्ट हो जाएंगे। इसके लिए आपको एक कटोरी में एलोवेरा जेल लेना है। इसमें थोड़ा सा चंदन पाउडर मिक्स करना है। अब इस मिश्रण को अपने पैरों में अप्लाई करना है। इसे सूखने तक लगाना है। फिर पानी से पैरों को साफ करना है। इसे लगाने से आपके पैर साफ लगेंगे।

### मुलायम स्किन के लिए पैरों पर स्क्रबिंग करें

पैरों पर जमी हुई डेड स्किन से आपके पैर ड्राई नजर आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने पैरों में स्क्रबिंग करना न भूलें। इसके लिए आप एक कटोरी में चीनी और शहद को मिक्स करें और इसे हल्के हाथों से पैरों में स्क्रब करें। 10 मिनट लगे रहने के बार स्क्रब को स्किन से साफ करें। ऐसा करने से आपकी स्किन साफ हो जाएगी।

# सेहतमंद रहने के लिए हेल्दी खाना बहुत जरूरी

अगर आप सेहतमंद हैं तो आप खुद को कई समस्याओं से दूर रख सकते हैं। हेल्दी रहने का सबसे पहला नियम अपने खान-पान को हेल्दी बनाए रखना जरूरी है। अक्सर लोग हेल्दी रूटीन को फॉलो करते हैं लेकिन कुछ ही दिन में अपने पुराने रूटीन पर आ जाते हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आपको अपनी आदतों को बदलने की जरूरत है। इन आदतों में खान पान के साथ लाइफस्टाइल में बदलाव बहुत जरूरी है। ऐसे में आज हम आपको कुछ टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपनी ईटिंग हैबिट्स को बदल सकते हैं और हेल्दी बनाए रख सकती हैं।

### छोटे बदलाव करेंगे मदद

अपनी लाइफस्टाइल को एकदम से पूरी तरह बदलना मुश्किल होता है। ऐसे में छोटे-छोटे बदलाव आपकी मदद कर सकते हैं। जैसे सबसे पहले सोने उठने का समय तय कर लें, ऐसा करके हेल्दी खाना खाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा खाने पीने में डिटॉक्स ड्रिंक को शामिल करें। छोटे-छोटे बदलावों से आप हेल्दी ईटिंग हैबिट्स को आसानी से शामिल कर पाएंगे।

### खाने के तरीके को बदलें

हेल्दी रहने के लिए खाने के तरीके को बदलना चाहिए। अगर आप बहुत जल्दी-जल्दी खाते हैं, तो इस आदत को बदलें। जल्दी खाने पर आप ये नहीं समझ पाते हैं कि भूख संतुष्ट हुई है या नहीं। ऐसे में धीरे खाने की प्रेक्टिस करें इससे पाचन भी ठीक रहता है।

### अपनी सेहत के मुताबिक सेट करें डायट

हर किसी को अपना डायट प्लान अपनी सेहत के मुताबिक सेट करना चाहिए। चाहें आपको वेट लॉस करना हो या फिर हेल्दी रहना हो एक डायट सेट करें। जिसमें अनहेल्दी फूड आइटम खाने से बचें।

### चीनी और पैकेज फूड खाने से बचें

हेल्दी ईटिंग हैबिट्स में पैकेज खाने और चीनी को सीमित करें। अपने रूटीन में मीठे ड्रिंक्स, स्नैक्स और मिठाइयों को कम खाएं। नमक कम खाएं और प्रोसेस्ड खाने से बचें।



# ठंड में नहीं जम रहा दही

## तो आजमा लें ये ट्रिक्स

दही को ज्यादातर लोग घर पर बनाना पसंद करते हैं। लेकिन सर्दियों में इसे जमाना काफी मुश्किल होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि को दही को जमने के लिए गर्माहट चाहिए होती है। लेकिन सर्दी के दिनों में ठंड बहुत ज्यादा होती है इसलिए दही जमाना बहुत मुश्किल होता है। ऐसे में यहां बताए गए तरीके ठंड में परफेक्ट दही जमाने में आपकी मदद कर सकते हैं।

### ठंड में जल्दी तैयार होगा दही

- ठंड के मौसम में स्टील के बर्तन की जगह कैसरोल में दही जमाएं। यह सर्दियों में दही जमाने का सबसे अच्छा तरीका है क्योंकि कैसरोल को गर्मी बनाए रखने के लिए डिजाइन किया गया है। ऐसे में दूध लंबे समय तक गर्म रहता है, जो जल्दी दही जमने के लिए बहुत जरूरी है।
- दूध को अच्छी तरह से उबाल लें और इसमें एक चम्मच दही डालकर इसे दूध में अच्छी तरह से फेंट लें। अब एक हरी मिर्च को धोकर सुखाएं और इसे दूध में डाल दें। मिर्च का डंठल ना तोड़ें वरना दही में तीखापन आ जाएगा। अब बर्तन को ढककर कपड़े या गर्म पानी में रखकर एक कोने में रख दें।
- ठंड के मौसम में दही हमेशा दिन में ही जमाएं क्योंकि ठंड के मौसम में दिन का समय थोड़ा गर्म रहता है,



ऐसे में दही जमने में आसानी होगी। वहीं, ठंड के मौसम में रात के वक्त तापमान और ज्यादा कम हो जाता है।

- ठंड के मौसम में दही को जमाने के लिए एक बर्तन में पानी गरम करके रख लें। अब उसमें दही जमाने वाले बर्तन को अच्छे से ढककर रख दें। यह भी दही जमाने का असरदार तरीका है क्योंकि पानी की गर्माहट से दूध का सही तापमान बरकरार रहता है।
- ठंड में दही को अच्छी तरह से जमाने के लिए गर्म दूध में जामन की मात्रा औसत से थोड़ी ज्यादा डालें। इससे भी बहुत ज्यादा ठंड वाले मौसम में भी दही जमाना आपके लिए थोड़ा आसान हो जाएगा।

# एक्सरसाइज से भी कम हो सकता है डिप्रेशन

आज के समय में हर व्यक्ति किसी ना किसी तरह के स्ट्रेस से गुजर रहा है। जब यह स्ट्रेस बढ़ने लगता है तो व्यक्ति डिप्रेशन में चला जाता है। ऐसे में उसका कुछ भी करने का मन नहीं करता। वह खुद को बहुत अलग-थलग महसूस करने लगता है। ऐसे में खुद को अधिक हैप्पी व एक्टिव फील करने का एक बेहतरीन तरीका है एक्सरसाइज करना। वर्कआउट सिर्फ अतिरिक्त कैलोरी बर्न करने और खुद को शेप में लाने का ही एक तरीका नहीं है, बल्कि यह आपके मूड को बेहतर बनाने और डिप्रेशन से बाहर निकलने का भी एक जरिया है। यह जरूरी नहीं है कि हर दिन इंटेंस वर्कआउट ही किया जाए, केवल कुछ देर शांति दिमाग से योग करना भी आपको फायदा पहुंचा सकता है या फिर आप बस ब्रिस्क वॉक करने की आदत डाल लें, आपको जल्द ही खुद में काफी बदलाव महसूस होने लगेंगे। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि नियमित रूप से एक्सरसाइज करना डिप्रेशन को कम करने में किस तरह मददगार है-

### एंडोर्फिन होता है रिलीज

वर्कआउट करने से खुद ब खुद आपका मूड अच्छा होने लगता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि जब आप एक्सरसाइज करते हैं तो उस दौरान आपका मस्तिष्क एंडोर्फिन रिलीज करता है।

यह आपके शरीर के लिए नेचुरल मूड बूस्टर की तरह हैं, जो आपको काफी अच्छा महसूस करवा सकते हैं। साल 2004 में एक अध्ययन में भी पाया गया कि नियमित रूप से फिजिकल एक्टिविटी एंडोर्फिन के उत्पादन को बढ़ाती है, जो मूड को बेहतर बना सकती है और डिप्रेशन को कम कर सकती है।

### नींद पर पड़ता है पॉजिटिव असर

जो लोग तनाव या डिप्रेशन का सामना कर रहे होते हैं, उनका स्लीप पैटर्न अक्सर गड़बड़ा जाता है। लेकिन अगर आप हर दिन एक्सरसाइज करते हैं तो इससे आपको अच्छी नींद लेने और अधिक तरोताजा महसूस करने में मदद मिल सकती है। जब आप अच्छी स्लीप लेते हैं तो इससे कहीं ना कहीं आपका तनाव काफी हद तक कम होता है एक स्टडी के अनुसार, एक्सरसाइज डिप्रेशन से जूझ रहे लोगों की स्लीप क्वालिटी बना सकती है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि फिजिकल एक्टिविटी करने से उन्हें अधिक गहरी और आरामदायक नींद आती है। इससे डिप्रेशन के लक्षणों से लड़ने में काफी मदद मिलती है।





### दिमाग होता है डिस्ट्रैक्ट

जो लोग डिप्रेशन से जूझ रहे होते हैं, उनके दिमाग में अक्सर नेगेटिव ख्याल ही आते हैं। लेकिन जब आप एक्सरसाइज करते हैं तो कुछ पल के लिए आप उन विचारों से खुद को मुक्त करके केवल अपने वर्कआउट पर फोकस कर रहे होते हैं। जिससे आपको कहीं ना कहीं काफी फायदा होता है।

बिहेवियर रिसर्च एंड थेरेपी एक रिसर्च के अनुसार, एक्सरसाइज एक डिस्ट्रैक्शन की तरह काम करती है, जिसमें व्यक्ति अपने नकारात्मक विचारों की जगह अपनी फिजिकल एक्टिविटी पर अधिक ध्यान देता है। इससे कहीं ना कहीं नेगेटिव थिंकिंग पैटर्न को कम करने में मदद मिलती है।

**महापौर अलका बाघमार की पहल से निगम परिवार में छाई खुशी ? 92,83,880 रुपये की राशि का वितरण**

# निगम के 40 कर्मचारियों को मिला खुशियों का फिर एक तोहफा 92,83,880 रुपये कर्मचारीयो के खाते में पहुंची उपादान राशि

- **वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे के निरंतर प्रयास, कर्मचारियों के उपादान राशि मिलने पर चेहरों पर लौटी मुस्कान**



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा महापौर अलका बाघमार,सभापति श्याम शर्मा एवं वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे की पहल पर 40 कर्मचारीयो को एकमुश्त 92,83,880 रुपये की उपादान राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मोतीलाल सभागार में महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा और वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे की उपस्थिति में कर्मचारीयो को राशि वितरण किया गया। यह राशि जीवित एवं मृतक दोनों श्रेणी के कर्मचारियों को प्रदान की गई। महापौर अलका बाघमार ने बताया कि यह उपलब्धि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, सभापति श्याम शर्मा के मार्गदर्शन तथा आयुक्त सुमित अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में संभव हुई है। वित्त प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने बताया कि उन्होंने पिछले छह महीनों से लगातार विभागीय बैठकों का संचालन करते हुए लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। सभी तकनीकी व प्रशासनिक प्रक्रियाओं के पूर्ण होने के बाद कर्मचारियों को उनका हक मिलना संभव हो सका। इस अवसर पर वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, देव नारायण चंद्राकर, मनीष साहू, शेखर चंद्राकर, मनीष साहू, लीना दिनेश देवांगन, काशीराम कोसरे, निलेश अग्रवाल, पार्षद साजन जोसफ गोविंद्र देवांगन, अजीत वैध, मनीष कोठारी, संजय अग्रवाल, ख़ालिद रिज़्वी, जितेंद्र ताम्रकर, युवराज कुंजम, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, रेवाराम मनु सहित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें। महापौर अलका बाघमार ने कहा निगम परिवार की खुशी ही मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि उन्होंने कहा कि आज का दिन हमारे निगम परिवार के लिए बेहद खुशी का है,कर्मचारियों को यह उपादान राशि प्रदान कर पाना मेरे लिए आत्मिक संतोष का क्षण है। कर्मचारियों की मेहनत और लगन से ही हमारा निगम प्रदेश में अग्रणी बना है।हम सबका दायित्व है कि ऐसे कर्मियों को उनका हक समय पर मिले। सभापति श्याम शर्मा ने कहा- हम सब निरंतर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि कर्मचारियों को सभी लाभ योजनाओं का लाभ समय पर मिले। हमारा उद्देश्य 'खुशहाल कर्मचारी, मजबूत निगम' की भावना को साकार करना है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कर्मचारियों का मनोबल ही निगम की असली शक्ति उन्होंने अपने संबोधन में कहा निगम कर्मचारियों की निष्ठा और सेवा भाव ही नगर के विकास की नींव है। कोई भी संस्था तभी प्रगति कर सकती है जब उसके कर्मचारी सम्मान और आत्मविश्वास से काम करें। महापौर एवं वित्त प्रभारी के नेतृत्व में प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी कर्मचारी अपने अधिकार से वंचित न रहे। प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने कहा कि निगम आने वाले समय में भी कर्मचारियों के हित में और कदम उठाएगा, जिससे कार्य वातावरण और अधिक सकारात्मक व प्रेरणादायक बने। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से लंबित प्रकरणों को हमने प्राथमिकता से निपटाने का संकल्प लिया था और आज वह पूरा हुआ। यह सिर्फ वित्तीय लेनदेन नहीं, बल्कि विश्वास और समर्पण का परिणाम है।

## श्री सप्तदेव मंदिर में बसंत पंचमी उत्सव, सरस्वती पूजा एवं मंदिर का 32 वॉ वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



**कोरबा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सप्तदेव मंदिर में बसंत पंचमी, सरस्वती पूजा एवं मंदिर का 33 वॉ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विदित हो कि दिनॉक 15.02.1994 को बसंत पंचमी के दिन ही श्री सप्तदेव मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी तथा बसंत पंचमी वर्ष 2007 को मंदिर परिसर मे ही श्री खाटू श्याम जी, चारो धाम एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग की स्थापना की गई थी। इस दिन श्री सप्तदेव मंदिर में प्रातः 12.00 माँ सरस्वती की विशेष आरती-वंदना एवं पूजन की गई चूँकि आज के ही दिन 33 वर्ष पूर्व मंदिर में देवताओ की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी अतः श्री राणी सती मंदिर का ''32 वॉ वार्षिकोत्सव'' एवं श्री श्याम जी का ''18 वॉ वार्षिकोत्सव'' भी धूमधाम से मनाया गया तत्पश्चात भगवान को भोग लगाकर दोपहर 1.00 बजे से 3.00 बजे तक खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया जिसे सैंकडो लोगो ने ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी मंदिर के प्रमुख पुजारी नवीन महाराज, सोमदत्त महाराज, बी.एम.शर्मा के साथ साथ आशीष सिंह, जनकराम साहू, ज्योति यादव, शीतल कौर इत्सादि की गरिमामय उपस्थिति थी।

# प्रेस क्लब पत्रकार संघ का भव्य आयोजन, शपथ ग्रहण से लेकर देशभक्ति प्रस्तुतियों तक दिखा जोश और एकता

**दुर्ग।** प्रेस क्लब पत्रकार संघ जिला दुर्ग द्वारा पृथ्वी पैलेस में आयोजित भव्य समारोह पत्रकारिता, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकजुटता का ऐतिहासिक उदाहरण बन गया। सैकड़ों जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों और नागरिकों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय, अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन की भव्यता, मंचीय गरिमा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और शपथ ग्रहण समारोह ने प्रेस क्लब पत्रकार संघ को जिले में एक नई पहचान दिला दी।

कार्यक्रम की शुरुआत अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्शेवाड़ा एवं दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इसके पश्चात मंच पर आसीन सभी अतिथियों की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ की आत्मा माने जाने वाले राष्ट्रगीत ÷अरपा पैरी के धार÷ की भावपूर्ण प्रस्तुति गीतांजलि स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई, जिसने पूरे सभागार को भावविभोर कर दिया।

इसके बाद समग्र विकास शासकीय योजना के अंतर्गत चयनित दिव्यांग बच्चों एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मंचासीन अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को मोमेंटो एवं उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया।

कार्यक्रम का सबसे महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक क्षण तब आया जब कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गजेंद्र यादव द्वारा प्रेस क्लब पत्रकार संघ जिला दुर्ग के सभी सदस्यों को विधिवत शपथ ग्रहण कराई गई। मंत्री गजेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और निष्पक्ष,




निर्भीक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता ही समाज को सही दिशा देती है। उन्होंने प्रेस क्लब पत्रकार संघ को शुभकामनाएं देते हुए संगठनात्मक मजबूती की सराहना की।

उन्होंने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता केवल खबर देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का सशक्त हथियार है। प्रेस क्लब पत्रकार संघ जिस अनुशासन और एकता के साथ आगे बढ़ रहा है, वह निश्चित रूप से जिले में पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

कार्यक्रम में देशभक्ति की भावना उस समय चरम पर पहुंच गई जब मंच से देशप्रेम गीत प्रस्तुत किए गए। देशभक्ति गीतों पर पूरा सभागार झूम उठा। जिले के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गीतों ने श्रोताओं को भावनाओं से भर दिया। यश गुप्ता द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति नृत्य ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। उनके नृत्य प्रदर्शन पर न केवल पत्रकार साथी बल्कि मंचासीन अतिथि भी स्वयं को तालियों और उत्साह से रोक नहीं पाए।

यह दृश्य ऐसा था, जहां मंच और सभागार के बीच कोई दूरी नहीं रही – हर कोई राष्ट्रप्रेम और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, अनुसूचित जनजाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डोमन लाल कोर्शेवाड़ा, दुर्ग सांसद धर्मपत्नी एवं समाजसेविका रजनी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, नगर निगम महापौर अलका बाघमार, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, पूर्व विधायक अरुण वोरा, दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक , दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग निगम एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, निलेश अग्रवाल , लीना देवांगन ,नेता प्रतिपक्ष भिलाई भोजराज सिंह, भाजपा अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा, दुर्ग जिला पंचायत सभापति जितेंद्र यादव,दुर्ग भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री एवं राजपूत समाज महिला अध्यक्ष बिंदु भुवाल, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित मां कर्मा हिलेश्वरी साहू, आयुक्त अहिवारा अंकुर पांडे, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सेन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विशेष सम्मान सेवानिवृत्त सैनिकों – विशाल देशमुख, प्रदीप कुमार साहू, हरीश चंद्र चौरसिया, याराना गुंटूर एवं संजीत विश्वकर्मा – को भी दिया गया। राष्ट्रसेवा में उनके योगदान को मंच से नमन करते हुए पूरे सभागार ने तालियों से उनका अभिनंदन किया।

पृथ्वी पैलेस में आयोजित यह आयोजन भव्यता, अनुशासन और उत्कृष्ट मंच संचालन का उदाहरण बन गया। सुसज्जित मंच, व्यवस्थित बैठक व्यवस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कार्यक्रम का क्रमबद्ध संचालन दर्शाता है कि प्रेस क्लब पत्रकार संघ ने आयोजन को अत्यंत पेशेवर ढंग से संपन्न किया।

कार्यक्रम को लेकर शहरभर में चर्चा रही कि इस तरह का भव्य, सुसंस्कृत और ऊर्जा से भरा आयोजन लंबे समय बाद दुर्ग में देखने को मिला। कई अतिथियों ने मंच से कहा कि प्रेस क्लब पत्रकार संघ ने अपने पहले ही बड़े आयोजन से यह स्पष्ट कर दिया है कि संगठन भविष्य में जिले की सामाजिक, सांस्कृतिक और पत्रकारिता गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

अंत में प्रेस क्लब पत्रकार संघ जिला दुर्ग की ओर से सभी अतिथियों, अधिकारियों, पत्रकार साथियों, समाजसेवियों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। संगठन के सभी पदाधिकारीयो ने कहा कि सभी के सहयोग, विश्वास और मार्गदर्शन से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल हो सका।

कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि जब पत्रकार एकजुट होते हैं तो केवल खबर नहीं बनती – बल्कि इतिहास रचा जाता है।

पृथ्वी पैलेस में आयोजित यह समारोह न केवल एक कार्यक्रम रहा, बल्कि प्रेस क्लब पत्रकार संघ दुर्ग की नई पहचान, नई ऊर्जा और नए संकल्प की शुरुआत बन गया।प्रेस क्लब पत्रकार संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी जिन्होंने ने सत्य व निष्ठा की शपथ लिए

नसीम फारुकी अध्यक्ष, साजिदा संयोजक, आशीष तिवारी उपाध्यक्ष, प्रशांत राजपूत महासचिव, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता, जस्सू सचिव ,सुरेन्द्र ठाकुर सह-सचिव ,रोहिताश सिंह भुवाल मीडिया प्रभारी,

प्रेम देशमुख मीडिया प्रभारी, शाहिन खान महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ,दीपमाला सिन्हा महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष, आपको बतादे संघ के भावेश कटारे विधिक सलाहकार

नकुल महलवार विधिक सलाहकार है जहां प्रमुख संरक्षक के रूप में प्रकाश प्रकाश देशलहरा, पवन बड़जात्या और प्रहलाद रुंगटा है । मंच संचालन ममता ध्रुव , धर्मेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया ।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर निगम कर्मियों ने लिया संकल्प





**रिसाली।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर पालिक निगम रिसाली ने कार्यक्रम का आयोजन किया। रविवार को आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने कर्मचारियों को संकल्प दिलाया। नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों ने निर्भिक और बिना प्रभाव में आकर मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर इंजीनियर अखिलेश गुप्ता, जयंत शर्मा, रेवती रमन , धर्मेंद्र मिश्रा, गोपाल सिन्हा, रवि श्रीवास्तव, योगेश सुरे, महेश टंडन, अखिलेश वर्मा, विवेक रंगनाथ आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रपाल हरमुख ने किया।

## मिनीमाता महिला समिति रिसाली के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ, समाज विकास का संकल्प

**रिसाली।** रिसाली स्थित मिनीमाता महिला समिति द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समिति की नई टीम ने समाज सेवा और संगठन की मजबूती का संकल्प लिया।

**भजन-आरती से शुभारंभ-** कार्यक्रम की शुरुआत पूर्णतः आध्यात्मिक वातावरण में बाबा जी के भजन और आरती के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य प्रक्रिया के तहत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण के बाद समिति द्वारा सभी पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया।

**समाज विकास पर जोर-** इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने उद्बोधन में समाज के उत्थान और महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। वक्ताओं ने समाज के विकास हेतु नई योजनाओं और एकजुटता के साथ कार्य करने के



विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

**समिति की नई कार्यकारिणी:** समारोह में मिनीमाता महिला समिति की नवनियुक्त टीम उपस्थित रही, जिसमें प्रमुख रूप सेः संरक्षकः दुर्गा चतुर्वेदी, अध्यक्षः संध्या बंजारे, उपाध्यक्षः राधिका बंजारे, महासचिवः प्रियंका भार्गव, कोषाध्यक्षः गया बघेल सचिवः मीना कुर्रे, बीना टंडन, हीरा डाहरे।

**सलाहकारः** हेमिन चतुर्वेदी, मिथिलेश गायकवाड़, शकुंतला देशलहरा, मोतिम जोशी, विमला चतुर्वेदी

**कार्यकारिणी सदस्यः** मालती महिलांगे, दशमत पात्रे, कलेन्द्री जांगड़े, हुमन मारकंडे।

इस गरिमामय आयोजन में समिति की अन्य सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भिलाई-चरौदा के सिरसाकला व सोमनी वार्ड में टैक्स वसूली शिविर आयोजित

**भिलाई-3।** भिलाई-चरौदा नगर निगम क्षेत्र के सिरसाकला एवं सोमनी वार्ड में कर वसूली को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगम कर्मचारियों द्वारा की जा रही टैक्स वसूली की कार्यवाही का निरीक्षण करने नगर निगम आयुक्त डी.एस. राजपूत मौके पर पहुंचे। महापौर निर्मल कोसरे एवं आयुक्त डी.एस. राजपूत के निर्देशानुसार नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा कड़ी मशक्कत करते हुए कर संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत निगम के दो दल अलग-अलग वार्डो में घर-घर एवं गांव-गांव पहुंचकर नागरिकों को अपने लंबित करों का भुगतान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नगर निगम द्वारा संपत्ति कर, समेकित कर, जलकर, भू-भाटक, शिक्षा उपकर सहित यूजर चार्ज की वसूली की जाती है। इसमें जल प्रदाय विभाग द्वारा जलकर की वसूली की जाती है, जबकि संपदा




एवं राजस्व विभाग अन्य करों की वसूली की जिम्मेदारी संभालते हैं। इस क्रम में निगम प्रशासन द्वारा सहायक राजस्व अधिकारी अरुणिमा दुबे के नेतृत्व में जलकर वसूली हेतु एक दल तथा संपत्ति कर प्रभारी ललित चंद्राकर के नेतृत्व में एक अन्य दल का गठन किया गया है। ये दल वार्ड-वार्ड में शिविर लगाकर प्रॉपर्टी टैक्स सहित अन्य करों की वसूली कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों में यह धारणा रहती है कि प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व 1 अप्रैल से पहले मार्च माह में ही समस्त करों का भुगतान करना आवश्यक होता है। जबकि नगर निगम भिलाई-चरौदा प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि करदाता नागरिक वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले कभी भी अपने लंबित करों का भुगतान कर अधिभार से बच सकते हैं और निगम कोष में राशि जमा कर स्थानीय प्रशासन का सहयोग कर सकते हैं।

# क्रिकेट महासंग्रामः रोमांचक फाइनल में स्पर्श हॉस्पिटल ने चेंबर ऑफ कॉमर्स को 5 विकेट से हराया, ट्रॉफी पर किया कब्जा













### गणतन्त्र दिवस पर होगा खिलाड़ियों का सम्मान

### अतिथियों ने एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज के आयोजन की जमकर तारीफकी

**दुर्ग।** एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज द्वारा 12 से 25 जनवरी तक आयोजित 'क्रिकेट महासंग्राम' टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला स्पर्श हॉस्पिटल ने जीत लिया है। एक रोमांचक मैच में, स्पर्श हॉस्पिटल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स की टीम को 5 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में स्पर्श हॉस्पिटल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित की गई चेंबर ऑफ कॉमर्स की टीम दबाव में दिखी और निर्धारित 10 ओवरों में मात्र 74 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के नौ बल्लेबाज दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए। स्पर्श हॉस्पिटल को जीत के लिए 75 रनों का लक्ष्य मिला।

लक्ष्य का पीछा करते हुए स्पर्श हॉस्पिटल की टीम ने आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने 8.3 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और 5 विकेट शेष रहते हुए फाइनल मुकाबला जीत लिया।

मैच के दौरान स्पर्श हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय गोयल, अनुराग मिश्रा, अखिलेश सिंह, विष्णु पाठक और रमेश गुप्ता बतौर अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों ने एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज के आयोजन की सराहना की और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

गौरतलब है कि इसी आयोजन के तहत 21 जनवरी को महिला वर्ग का फाइनल भी खेला गया था, जिसमें नित्या-द्वन्द्व की टीम विजेता बनी थी। पुरुष और महिला वर्ग की विजेता टीमों के खिलाड़ियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज में विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर एस. आर. हास्पिटल के चेयरमेन संजय तिवारी ने मीडिया को बताया कि,हमारा मुख्य उद्देश्य खेल कूद को बढ़ावा देना रहता है.हमारे यहाँ जो स्टूडेंट है जो स्टाफ है भाग ले पाए उनका फिटनेस बना रहे. इसके अलावा आसपास की जो महिलाए है वे भी इसमें हिस्सा ले और अपनी खेल प्रतिभा को प्रस्तुत कर सकें,..इसी को लेकर हम हर साल गणतन्त्र दिवस पर यह आयोजन करते हैं ।

इसके अलावा अखिलेश सिंह का कहना है कि,इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए जिसमे लड़कियाँ और महिलाएं खेलती हैं जिससे उनकी खेल प्रतिभा सामने आती है .और यहाँ एस. आर. हास्पिटल में हर साल इस तरह के आयोजनों से उन लड़कियों और महिलाओं को खेलने का अवसर मिलता है.

इसी तरह समाजसेवी विष्णु पाठक ने इस तरह के आयोजन को लेकर एस. आर. हास्पिटल के चेयरमेन संजय तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि उनका इस तरह का प्रयास सराहनीय है इसके अलावा श्री पाठक ने दोनों टीमों के खिलाडियों के खेल प्रदर्शन की प्रसंसा भी की । इधर ,टीम प्रमुखों में कमलेश कुमार और संजय गोयल ने एस. आर. हास्पिटल के इस आयोजन की खुलकर प्रशंसा करते हुए कहा कि,बड़े स्तर पर यह आयोजन किया गया जो काफी सराहनीय है .इस तरह का आयोजन होते रहना चाहिए ।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com